52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 25.6°c | अधिकतम 35.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:01 सूर्यास्त : 6:30 | वर्ष : 52/ अंक : 251 | मंगलवार, 10 सितम्बर 2024 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, सप्तमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

**अमृतवाणी**

जरूरी नहीं कि मिठाई खिलाकर ही दूसरों का मुंह मीठा करें, आप मीठा बोलकर भी लोगों को खुशियां दे सकते हैं!

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

राहुल गांधी अच्छे रणनीतिकार हैं, राहुल गांधी पप्पू नहीं हैं : सैम पित्रोदा



यहाँ के कांग्रेसी तो यह मानते ही हैं... अब आपने कह दिया तो बात पक्की हो गयी.....

# दिन दहाड़े कॉलेज से लौट रही छात्रा के अपहरण का प्रयास

- आर्य समाज रोड पर कार अड़ाकर ई रिक्शा रुकवाकर छात्रा को खींच कर कार में डालने की कोशिश
- छात्रा के शोर मचाने पर दुकानदारों ने कुटेसरा निवासी एक युवक को दबोचा, दूसरा कार लेकर फरार
- युवक की धुनाई कर पुलिस को सौंपा, खींचतान में छात्रा के भी कपड़े फटे, चार के खिलाफ मुकदमा

**मुजफ्फरनगर, 9 सितंबर (बु.)।** छेड़छाड़ और महिला अपराध रोकने को प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा डीजीपी चाहे जितने बयान दे रहे हों और चाहे जिला प्रशासन कितने ही अभियान चला रहा हो, लेकिन अपराधियों के हौसले कम नहीं हो रहे हैं। शहर के व्यस्त आर्य समाज रोड पर आज दुस्साहसिक तरीके से चार युवकों ने एक कॉलेज छात्रा को ई रिक्शा को रुकवाकर कार में डालकर उसका अपहरण करने का प्रयास किया। छात्रा के विरोध पर आसपास के दुकानदार दौड़े और एक युवक को दबोच लिया तो उसके तीन साथी कार लेकर फरार हो गए। इस मामले को लेकर वहां काफी देर हंगामा चलता रहा। बाद में छात्रा को परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

थाना सिविल लाईन क्षेत्र में आर्य समाज रोड पर उस समय बवाल के हालात बन गए, जब एक आल्टो कार में सवार युवकों ने रिक्शा से घर लौट रही छात्रा के अपहरण का प्रयास किया। बताया गया है कि चरथावल के एक गांव की छात्रा ई रिक्शा से अपने घर जाने के लिए लौट रही थी। बताया गया है कि जब ई रिक्शा आर्य समाज रोड के व्यस्त इलाके में पहुंची तो कुछ युवकों ने ई रिक्शा के आगे आल्टो कार अड़ाकर ई रिक्शा को रोक लिया। इसके बाद उन्होंने छात्रा को ई रिक्शा से खींच कर कार में डालने का प्रयास किया तो इसका छात्रा ने विरोध किया और शोर मचाया। इसे देख आसपास के दुकानदार व अन्य लोग दौड़कर वहां पहुंचे और एक युवक को दबोच कर छात्रा को उसके कब्जे से मुक्त कराया। लोगों ने एक युवक को दबोच कर उसकी जमकर पिटाई की और उसे पुलिस को सौंप दिया। इस बीच खींच तान में छात्रा के कपड़े भी फट गए। सिविल लाइन पुलिस उक्त युवक को अपने साथ ले गई और डरी सहमी छात्रा को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए युवक का नाम साहिब त्यागी पुत्र यामीन निवासी ग्राम कुटेसरा थाना चरथावल बताया गया है। पुलिस के अनुसार उसने आर्यसमाज रोड पर अपने साथी असद पुत्र जुल्फकार निवासी ग्राम कुटेसरा थाना चरथावल के साथ मिलकर कॉलेज से घर जा रही छात्रा के अपहरण का प्रयास व छेड़छाड़ की गयी। सिविल लाईन पुलिस द्वारा अभियुक्त को आर्यसमाज रोड से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त का साथी असद कार लेकर मौके से फरार हो गया। बाद में छात्रा के पिता की ओर से दी गई तहरीर पर थाना सिविल लाईन पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इसके साथ ही अभियुक्तगण तथा छात्रा की रेकी कर उसके कॉलेज आने-जाने की सूचना अभियुक्तगण को देने वाले ग्राम कुटेसरा निवासी अजीम व फैसल केविरुद्ध भी धारा 76, 78, 87, 63, 352 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त का नाम साहिब त्यागी पुत्र यामीन निवासी ग्राम कुटेसरा थाना चरथावल है। इसके अलावा फरार अभियुक्तों के नाम असद पुत्र जुल्फकार, अजीम पुत्र नियाज, फैसल पुत्र नामालूम निवासी ग्राम कुटेसरा थाना चरथावल बताए गए हैं। बताया गया है कि साहिब त्यागी पहले उसी कॉलेज में पढ़ता था, जिसमें उक्त छात्रा बीसीए कर रही है। पहले उन लोगों का गांव से साथ आना जाना था। अब साहिब त्यागी उत्तराखंड में रह रहा है। बताया जा रहा है कि एकतरफा प्यार में आज उसने छात्रा के अपहरण का प्रयास किया। इसमें उसने अपने साथियों को भी शामिल कर लिया। पुलिस इस मामले में फरार आरोपियों को तलाश कर रही है।



## तीन साल की बच्ची के साथ अश्लील हरकतों का आरोप

**मुजफ्फरनगर, 09 सितम्बर (बु.)।** सिविल लाइन थाने के काशीराम कालोनी में तीन साल की बच्ची को टॉफी दिलाने के बहाने अश्लील हरकत करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बताया जाता है कि काशीराम कालोनी के रहने वाला आरोपी मोनू रविवार की शाम टॉफी दिलाने के बहाने तीन साल की नन्हीं बच्ची को अपने साथ ले गया। उसने बच्ची को टॉफी और फ्रूटी दिलाई और उसके बाद बच्ची को अपने साथ लेकर चल दिया। इसी दौरान मन में किसी शंका के चलते बच्ची का पिता भी वहां पहुंच गया और जब उसने अपनी बच्ची और मोनू को सुनसान स्थान पर देखा तो मोनू को डांट डपट लगाई। इस बीच आरोपी मोनू ने बच्ची के पिता के साथ मारपीट कर दी। बच्ची के पिता ने उक्त मामले की जानकारी सिविल लाइन पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में लिया।

## बाइक मोबाइल का प्यार, कर रहा युवा पीढ़ी को बेकार

**मुजफ्फरनगर, 09 सितम्बर (बु.)।** वर्तमान युग में हमारी युवा पीढ़ी को बाईक एवं मोबाइल के प्यार ने बेकार, नकारा व पूरी तरह संस्कारहीन बना दिया है। ऐसे में जहां कुछ धनी व उच्च स्तरीय लोग समाज में दिखावे व प्रतिष्ठा को बढ़ाने के लिए अपने बच्चों को अब मंहगे मोबाइल व बाईकें लेकर देते हैं, जिनकी नकल करने की जद्दोजहद में अन्य मध्यम व निम्न मध्यम परिवारों के बच्चे अपने मा-बाप पर प्रेशर बनाकर, ब्लेकमेल व भावनात्मक प्यार का फायदा उठाकर मंहगे सामान खरीद लेते हैं। युवा पीढ़ी का यही शौक बच्चों की असमय मौत का कारण बनते हुई तमाम समाचार पत्रों की सुर्खियां बनने देखा जा सकता है। बता दें, बीते 75 सालों में कई बदलाव हुए हैं। इनमें बुजुर्ग पीढ़ी उन बदलावों को तेजी से हुए घटनाक्रम मान रही है तो वहीं युवा वर्ग इसे नए युग की तरफ अग्रसर कदम बता रहे हैं। कई बदलाव समय के साथ बहुत जरूरी थे, मगर अब लोग उन्हीं सुविधाओं के आदी होते जा रहे हैं। पहले लोग पैदल चलते थे, मगर अब सड़कों का जाल बिछा है और वाहनों की संख्या बढती जा रही है। मोबाइल के शौंक के साथ सोशल मीडिया ने इस बीच आपसी प्रेम को ही दूर कर दिया है। पहले लोग एक-दूसरे मिलकर बधाई दिया करते थे, खत लिखकर दुःख-सुख सांझा करते थे, लेकिन अब सब कुछ व्हाट्सअप ने ले लिया। बदलाव ने रीति रिवाज से लेकर रहन-सहन को बदल दिया है। बदलाव की इस कड़ी में बाईकों के हो रहे दुरूपयोग ने युवा पीढ़ी को स्टंट ब्वाय की चाहत मानसिक सिथति को विक्रत करती दिखाई दे रही है, जिस पर जागरूकता की जरुरत है।

## जीएसटी परिषद ने कैंसर की दवाओं व नमकीन पर घटाया कर

- सरकारी संबद्ध शैक्षणिक संस्थानों को जीएसटी से छूट
- स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी हटाने का फैसला टला

**नई दिल्ली, 9 सितंबर (एजेंसी)।** जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कैंसर की दवाओं व नमकीन पर जीएसटी दर घटाने का एलान किया। वित्त मंत्री सीतारमण ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि परिषद ने बैठक के दौरान कई फैसले लिए। वित्त मंत्री ने बताया कि सरकारी संबद्ध शैक्षणिक संस्थानों को जीएसटी से छूट देने का भी फैसला किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा कैंसर की दवाओं पर भी जीएसटी घटाया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि नमकीन पर जीएसटी दर भी संभावित रूप से कम की गई। वित्त मंत्री ने यह भी बताया कि वाणिज्यिक संपत्तियों को किराए पर देने को रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म के तहत लाया गया जाएगा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कैंसर की दवाओं पर जीएसटी को 12% से घटाकर 5% करने का उद्देश्य कैंसर के इलाज की कुल लागत को और कम करना है। जीएसटी परिषद ने चुनिंदा नमकीन पर कर को 18% से घटाकर 12% करने का फैसला किया है। सीतारमण के मुताबिक, छह महीने में ऑनलाइन गेमिंग रेवेन्यू 412% बढ़कर 6,909 करोड़ रुपये हो गया है। वित्त मंत्री ने बताया कि दरों को तर्कसंगत बनाने पर जीओएम को स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करनी थी। दो स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत की गईं जिसमें एक रियल एस्टेट पर और दूसरी दरों के युक्तिकरण से जुड़ी थी। वित्त मंत्री ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो की भी स्थिति भी परिषद् की बैठक के दौरान पेश की गई। उन्होंने कहा कि कसीनो राजस्व में 30% की वृद्धि हुई है। वित्त मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य बीमा पर मंत्री समूह अक्तूबर के अंत तक रिपोर्ट पेश करेगा।




कयास लग रहे थे कि जीएसटी परिषद की बैठक के दौरान स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी हटाने का फैसला नहीं हुआ है। हालांकि, फिलहाल यह फैसला टल गया है। स्वास्थ्य बीमा पर दर के आकलन के लिए जीएसटी परिषद् ने मंत्रियों का एक समूह बनाया है। वित्त मंत्री ने कहा कि मंत्रियों का यह समूह अक्तूबर के अंत तक अपनी रिपोर्ट पेश करेगा। इसके अलावा जीएसटी परिषद ने धार्मिक यात्राओं के लिए हेलिकॉप्टर सेवाओं के परिचालन पर कर को घटाकर पांच प्रतिशत करने का फैसला किया है। उत्तराखंड के वित्त मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल ने सोमवार को यह जानकारी दी। अग्रवाल ने यहां संवाददाताओं से कहा, "केदारनाथ, बद्रीनाथ जैसी धार्मिक यात्राओं पर श्रद्धालुओं को ले जाने वाली हेलिकॉप्टर सेवाओं पर कर को 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। पहले इस बारे में कोई स्पष्टता नहीं थी। अब स्पष्टता होगी।" अग्रवाल ने कहा कि परिषद ने डेबिट और क्रेडिट कार्ड के जरिये 2,000 रुपये तक के छोटे डिजिटल लेनदेन के लिए बिलडेस्क और सीसीएवेन्यू जैसे भुगतान एग्रीगेटरों (पीए) पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाने के मुद्दे को कर अनुशंसा समिति के पास भेज दिया है। इस समय भुगतान एग्रीगेटरों को 2,000 रुपये से कम की राशि के लेनदेन पर जीएसटी का भुगतान करने से छूट है। परिषद जीवन और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम के कराधान पर फिटमेंट समिति की रिपोर्ट पर भी चर्चा कर सकती है।

## आरा मशीन पर आपसी विवाद में मारपीट के बाद एक की मौत

**मुजफ्फरनगर, 09 सितम्बर (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के शेरपुर चुंगी के निकट दो लोगों में आरा मशीन पर आपसी विवाद को लेकर मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान एक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार लद्दावाला के रहने वाले शमशाद की शेरपुर चुंगी पर खुद की आरा मशीन है। जहां उसका साला मुस्तकीम निवासी मौहल्ला पठानपुरा थाना देवबंद पिछले 12 वर्षों से उसी के पास कार्यरत है। इसी आरा मशीन पर मुजफ्फरनगर के मिमलाना रोड का रहने वाला अकरम भी काम करता है। बताया जाता है कि रविवार की रात काम करते समय अकरम और मुस्तकीम के बीच आपसी बात को लेकर कहासुनी हुई और उसके बाद दोनों के बीच जमकर मारपीट हुई। इसी बीच बीचबचाव कराने देवबंद निवासी मुस्तकीम का भांजा असद भी आ गया और धक्का-मुक्की के बीच मुस्तकीम जमीन पर जा गिरा, जमीन पर गिरते ही मुस्तकीम के सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट आई और उसे गंभीर अवस्था में ही प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां से उसे एक प्राइवेट हॉस्पिटल रैफर कर दिया गया, मगर रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने उक्त मामले में पूरी जानकारी दी और मुस्तकीम के परिवार की ओर से समाचार लिखे जाने तक कोई तहरीर नहीं दी गई।

## यूपी में 69 हजार शिक्षक भर्ती मामले में सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई रोक

**नई दिल्ली, 9 सितंबर (एजेंसी)।** सर्वोच्च न्यायालय ने जून 2020 और जनवरी 2022 में जारी उत्तर प्रदेश के शिक्षकों की चयन सूचियों को रद्द करने के हाईकोर्ट के आदेश पर भी रोक लगा दी। इसमें 6,800 उम्मीदवार शामिल थे। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया है और कहा कि इसी के साथ अंतिम सुनवाई भी की जाएगी। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने रवि कुमार सक्सेना और 51 अन्य द्वारा दायर याचिका पर राज्य सरकार यूपी बेसिक शिक्षा बोर्ड के सचिव समेत अन्य को नोटिस भी जारी किए। बेंच ने कहा कि वह याचिका पर सुनवाई 23 सितंबर से शुरू होने वाले सप्ताह में तय करेगी।

## महंत नृत्य गोपाल दास की हालत गंभीर

**अयोध्या, 9 सितंबर (एजेंसी)।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष व मणिराम दास की छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें रविवार शाम 6:30 बजे यूरीनरी समस्या और मुंह के रास्ते कम आहार लेने की समस्या के चलते आईसीयू में डॉ. दिलीप दुबे की निगरानी में भर्ती किया गया था। सोमवार दोपहर जारी किए गए हेल्थ बुलेटिन के अनुसार, महंत जी की हालत गंभीर बनी हुई है और आईसीयू में उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों की एक टीम निरंतर उनके स्वास्थ्य की स्थिति पर नजर रख रही है।

## निष्क्रान्त सम्पत्ति पर भी कब्जा लेने में जिलाधिकारी फेल, उन्हें जगाने को कलेक्ट्रेट में धरना-प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर, 09 सितम्बर (बु.)।** राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन द्वारा एक अजीबो गरीब समस्या को लेकर कलेक्ट्रेट में धरना शुरू किया गया, जिसमें रेलवे स्टेशन के सामने स्थित निष्क्रान्त सम्पत्ति को जिलाधिकारी कब्जा मुक्त ही नहीं करा पा रहे। राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन के संयोजक संजय अरोड़ा के नेतृत्व में उनके कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में डीएम कार्यालय से चंद कदमों की दूरी पर अपना धरना शुरू किया और धरने में मीडिया को खुलकर यह बताया कि इस जिले की अजीबो गरीब विड़म्बना है कि यहां न कोई अधिकारी और न ही कोई नेता सही बात सुनने को तैयार ही नहीं है। उन्होंने बताया कि सारे सुबूत होने के बाद भी रेलवे स्टेशन के सामने खसरा नम्बर 930 निष्क्रान्त सम्पत्ति घोषित होने के बावजूद जिलाधिकारी उस स्थान को कब्जा मुक्त नहीं करा पा रहे हैं। उन्होंने आशंका जताई कि ऐसी सम्पत्तियों पर कोई भी असामाजिक तत्व रहकर चला जाता है और किसी दिन कोई ऐसी बड़ी घटना होगी कि शायद फिर प्रशासन हाथ मलता रह जाएगा। उन्होंने कहा कि बड़ी विडम्बना है कि योगी के शासन में ऐसा हो रहा है, जबकि वर्ष 2017 से पहले ही यह एक्ट आ चुका है कि निष्क्रान्त सम्पत्ति को सरकारी सम्पत्ति माना जाये और उसे कब्जामुक्त कराया जाये, मगर लाख कोशिशों के बाद भी मुजफ्फरनगर के रेलवे स्टेशन के सामने मौजूद उक्त सम्पत्ति कब्जामुक्त नहीं हो पाने के कारण उन्हें अपने साथियों के साथ धरना देने पर मजबूर होना पड़ा। उन्होंने चेतावनी भी दी कि यदि इस समस्या का समधान न हुआ तो यह आन्दोलन



और बड़ा होगा। उनके धरने पर आज सैंकड़ों की संख्या में उनके कार्यकर्ताओं सहित मुख्य रूप से सरिता शर्मा अरोरा, प्रवीण जैन, सोनू माहेश्वरी, संजय मलिक, संजय गोस्वामी, सुनील वर्मा, अमित मित्तल, श्याम वर्मा, प्रमोद वर्मा, राजू पाल, अंकित पाल, साहिल अरोरा, राजकुमार गर्ग, प्रदीप कुमार, संजीव शर्मा, प्रमोद उपाध्याय, नवीन त्यागी, संदीप कौशिक, सुन्दर सैनी, अमरीश शर्मा, मनोज शर्मा, संजय, सीमा ठाकुर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कवाल काण्ड के वादी सलीम का मृत्यु प्रमाण पत्र कोर्ट में जमा

**मुजफ्फरनगर।** 27 अगस्त 2013 को जानसठ के गांव कवाल में शाहनवाज की हत्या के बाद गुस्साये लोगों ने गौरव और सचिन की हत्या कर दी थी, जिसमें शाहनवाज की हत्या में उसके पिता सलीम ने छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसआईटी ने विवेचना के बाद शाहनवाज की हत्या के मामले में सभी को क्लीनचिट दे दी थी। जबकि सचिन और गौरव की हत्या में चार्जशीट दाखिल कर दी गई थी। उक्त मामले में दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई जा चुकी है। सजा सुनाने के बाद शाहनवाज के पिता और मुकदमे के वादी सलीम ने अदालत में एसआईटी की रिपोर्ट को चुनौती दी थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था। तीस मई 2018 को पीड़ित की तरफ से वाद दायर किया गया था, जिसमें प्रहलाद, भीष्म, रविन्द्र, देवेन्द्र, तेंदू और जितेन्द्र आरोपी बनाये गये थे। विगत 25 जुलाई 2024 को मुकदमे के वादी शाहनवाज के पिता सलीम की बीमारी के बाद मौत हो गई। उक्त मामले में सुनवाई एडीजे-7 कोर्ट में चल रही है, जिसमें सोमवार को वादी सलीम की मृत्यु का प्रमाण पत्र जमा कर दिया गया। कोर्ट ने अर्जी लगाकर जानसठ थाने से सलीम की मृत्यु की आख्या मंगाने की गुहार लगाई गयी है।

## अस्पतालों में बढ़ रहे मरीज, व्यवस्थाएं हो रही नाकाफी

- डेंगू-मलेरिया से बचाव को सुरक्षा कवच बनाने में जुटी टीम
- पर्ची बनाने से दवा लेने तक मरीजों के हो रहे हौंसले पस्त
- दो हजार से अधिक मरीजों को परामर्श देने में हांफे डॉक्टर

**मुजफ्फरनगर, 09 सितम्बर (बु.)।** मौसम में जारी बदलाव के बीच जिले में बुखार के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ने लगी है। ऐसे में निजी चिकित्सकों के अलावा जिला अस्पताल ओपीडी में भी मरीजों की संख्या प्रतिदिन दो या उसके पार पहुंच गई। बीते दिनों डेंगू के दो मरीज मिलने के बाद जिले में विशेष सतर्कता के साथ मौ. खालापार एवं सिकंदरपुर आदि क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग ने सर्वे कराते हुए लोगों के इसके प्रति जागरुक करने के साथ सुरक्षा कवच को मजबूत करने में जुटी है। उधर, बीते माह बुखार के चलते पुरकाजी में मेडिकल स्टोर संचालक के बेटे की मौत होने के बाद स्वास्थ्य विभाग खादर क्षेत्र समेत गंगा किनारें के गांवों पर अलग से जनजागरूकता करने में जुटी हुई है।

स्वामी कल्याण देव जिला चिकित्सालय में रविवार की छुट्टी के बाद सोमवार को मरीजों की संख्या में बढ़ने के साथ ओपीडी प्रभावित रही। सोमवार को छुट्टी के बाद अस्पताल खुला तो सुबह से दोपहर तक मरीजों की संख्या ने तमाम रिकार्ड ध्वस्त कर दिए। ऐसे में मरीजों की भीड़ अधिक होने से सुबह से ही मुख्य गेट के पास पर्चा कक्ष से लेकर ओपीडी और औषधि वितरण कक्ष तक हर ओर मरीजों की भीड़ जुटना शुरू हो गई थी। बीते कई दिनों से 1800 से 2 हजार के बीच आ रहे



मरीजों की संख्या सोमवार को 2 हजार से कब पार हो गई, चिकित्सकों को पता ही नहीं चल पाया। ऐसे में अस्पताल में हजारों मरीजों ने उपचार कराया। मरीज जैसे-तैसे करके चिकित्सक तक पहुंच भी जाए तो उसके हौंसले दवा को पाने में ही पस्त हो जाते हैं। ऐसे में महिला और पुरुष दोनों ही खिड़कियों पर मरीजों की लंबी लाइन रहती है। बता दें, खिड़की पर एक व्यक्ति को दवा लेने के लिए गर्मी में औसतन डेढ़ से दो घंटे तक लाइन में लगना पड़ता है। लाइनों में लगे मरीजों की माने

शेष - पृष्ठ-4 पर



## मर चुके किसान का पुलिस ने शांतिभंग में किया चालान

**मलिहाबाद, 09 सितंबर (एजेंसी)।** तीन साल पहले मर चुके किसान मैकू से रहीमाबाद पुलिस को शांति भंग होने का खतरा है। पुलिस ने उनको आरोपी बनाते हुए चालानी रिपोर्ट न्यायालय में भेज दी। मामला खुला तो पुलिस ने परिजनों को चुप करा दिया। बीती 29 जुलाई को हल्का इंचार्ज एसआई करन सिंह ने ग्राम खगेश्वर खेड़ा मजरे गहदो के मैकू (65) के खिलाफ चालानी रिपोर्ट भेजी थी, जबकि 24 जुलाई 2021 में ही उनकी मौत हो चुकी है। मैकू को पुलिस ने शांतिभंग में पाबंद कर दिया। 29 जुलाई को परिजनों को मैकू के न्यायालय में उपस्थित होने का नोटिस मिला तो वह लोग सन्न रह गए। परिजनों ने उनका मृत्यु प्रमाण पत्र दिखाया तो पुलिस कर्मियों ने मामला किसी को बताने के लिए मना कर दिया।

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली, 09 सितंबर (वार्ता)।** भारतीय और विश्व इतिहास में 10 सितंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1823-साइमन बोलिवर पेरु के राष्ट्रपति बने। 1846-एलियस होवे ने सिलाई मशीन का पेटेंट कराया। 1847-हवाई द्वीप में पहला थियेटर खुला। 1914-फ्रांस एवं जर्मनी के बीच मार्ने का युद्ध समाप्त। 1939-कनाडा ने द्वितीय विश्वयुद्ध में जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1966-संसद ने पंजाब एवं हरियाणा के गठन को मंजूरी दी। 1974-अफ्रीकी देश गिनी ने पुर्तगाल से स्वतंत्रता हासिल की। 1976-इंडियन एयरलाइंस के बोइंग 737 विमान का लाहौर से अपहरण हुआ था। 1996-संयुक्त राष्ट्र आम सभा में व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि 3 के मुकाबले 158 मतों से स्वीकृत, भारत सहित तीन देशों द्वारा संधि का विरोध। 1998-येवगेनी प्रीमाकोव को रूस का नया प्रधानमंत्री मनोनीत किया गया, दक्षिण कोरिया और आस्ट्रेलिया परमाणु अप्रसार की दिशा में समन्वित प्रयास करने पर सहमत। 1926-जर्मनी ने 'लीग ऑफ नेशंस' की सदस्यता ली थी। 2002-यूरोपीय देश स्विट्जरलैंड संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना था। 2003-विश्व व्यापार संगठन की पांचवी मंत्रिस्तरीय बैठक कानकुन में प्रारम्भ हुई थी। 2007-नाटकीय घटनाक्रम के बीच पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को स्वदेश लौटने के बाद पुनः जेद्दा निर्वासित किया गया। 2008-सर्वोच्च न्यायालय ने उपहार अग्निकांड मामले में दोषी ठहराये गए अंसल बंधुओं की जमानत रद्द की थी। 2009-जेट एयरवेज प्रबंधन और उसके पायलट व्यापक समझौते पर राजी हुए थे। 2011- भारत-अमेरिका रणनीतिक सहयोग को 21वीं सदी के लिए महत्त्वपूर्ण और अपरिहार्य बताते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कहा है कि दोनों देशों के बीच गहरे और व्यापक संबंध हैं, जिनका उद्देश्य एशिया और दुनिया में शांति और समृद्धि कायम करना है।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 09 सितम्बर, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 73350 | चांदी- | 83400 |
| सिक्का- | 96000 | गिन्नी- | 54750 |

## आपका आज का राशिफल

मंगलवार, 10 सितम्बर, 2024

**मेष-** आरोग्य सुख में कमी, मित्रों से गलतफहमियां, परिवार में अशांति, धन का अभाव, विशेष प्रयास करने के बावजूद भी आपको आंशिक सफलता, सुख में कमी, आवागमन में प्रतिकूलता।

**वृषभ-** योजना साकार होने की ओर, विवादास्पद मसला हल होने को, मनोविनोद के अवसर, मांगलिक आयोजन सम्पादित, नवसम्पर्क का सुयोग, सामाजिक कृत्य।

**मिथुन-** बहुप्रतीक्षित कार्यों में सफलता, उल्लास का वातावरण, सुसंदेश की प्राप्ति, बौद्धिक क्षमता में वृद्धि, मेल-मिलाप में रुचि, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग।

**कर्क-** निराशा का समापन, जनसम्पर्क का सुयोग, कुछेक मसला हल, नवीन योजना का श्रीगणेश, धनागम का मार्ग प्रशस्त, शांति भी।

**सिंह-** समस्याओं से चिन्ता, स्वास्थ्य में शिथिलता, व्यवसाय में असफलता, आपसी सम्बन्धों में कटुता, दाम्पत्य जीवन में असन्तोष, जोखिम से नुकसान, हानि संभव।

**कन्या-** आर्थक उन्नति, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूत, अधूरे या नवकार्य प्रगति की ओर, कुछेक समस्याएं सुलझने की ओर, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

**तुला-** ग्रहयोग बेहतर, भावी योजना पर मित्रों से विचार-विमर्श, व्यक्तित्व का विकास, विवादास्पद मसला सुलझने की ओर, यश-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, यात्रा का प्रसंग।

**वृश्चिक-** अभीष्ट कार्यों में सिद्धि, सुसंदेश की प्राप्ति, परिवार में हर्षोल्लास साहसिक प्रयास प्रगति पर, विवाद की निवृत्ति, मनोविनोद के सुअवसर, लाभ भी।

**धनु-** पारिवारिक उलझनें, कार्यों में असफलता की स्थिति, लाभार्जन में व्यवधान, निजी इच्छा की पूत में व्यवधान, अनावश्यक व्यय, यात्रा कष्टकर, विरोधियों से परेशानी।

**मकर-** समय संतोषजनक, स्वजनों से विचार विनिमय, नौकरी में प्रोन्नति, मान-सम्मान में वृद्धि, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त, पारिवारिक खुशी।

**कुम्भ-** कठिनाइयों का निवारण, स्वयं का निर्णय हितकर, मनोविनोद के सुअवसर, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग, अधिकारियों से अपेक्षित सहयोग, मन प्रसन्न।

**मीन-** ग्रहयोग बेहतर, मनोरथ पूर्ण, पुरुषार्थ से कार्य सिद्धि, समस्या का समाधान, सुख सुविधा में वृद्धि, सम्भावित यात्रा सुखद, स्वाध्याय की ओर रुझान।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

## भक्तों का सैलाब... जाहरवीर गोगा के भक्तजनों ने जगह-जगह पूर्ण आस्था और श्रद्धाभाव के साथ किया शोभायात्रा का स्वागत

# शाहपुर में जाहरवीर जी की विशाल एवं ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली

### भव्य मेले का भी विधिवत हुआ उद्घाटन, शोभायात्रा का परमेश सैनी, मेले का राजपाल बालियान एवं सुधीर सैनी ने किया शुभारंभ

**शाहपुर, 09 सितम्बर (बु.)।** कस्बे में श्री जाहरवीर गोगा जी की भव्य, विशाल एवं ऐतिहासिक शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बनी झांकियां नागरिकों के आकर्षण का केंद्र रही। सिद्धिविनायक गणपति, गुरू गोरखनाथ की झांकी के साथ साथ जाहरवीर का रथ सभी को बरबस की अपनी ओर आकर्षित कर रहा था। नामदेव समाज के अध्यक्ष सोनू नामदेव के नतृत्व में समाज सहित कई अन्य लोगों ने स्थान स्थान पर शोभायात्रा का सपनो सरीखा स्वागत किया। कस्बे में श्री जाहरवीर गोगाजी मेला समिति के तत्वावधान में श्री जाहरवीर गोगाजी की शोभा यात्रा का शुभारंभ पूर्व चेयरमैन एवं भाजपा नेता प्रमेश सैनी ने किया जबकि दीप प्रज्वलन अरविंद पाल व छड़ी पूजन सत्येंद्र सैनी व अनिल सैनी ने किया।

शोभा यात्रा श्री जाहरवीर गोगा की म्हाड़ी से प्रारंभ होगा मौहल्ला सैनियान, मेन बाजार, मेन रोड, मंगलापुरी मंडी, शिव कॉलोनी व मालदा बाग से होकर निकाली गई। शोभा यात्रा में बनी झांकियां नागरिकों के आकर्षण का केंद्र रही। शोभा यात्रा का नागरिकों ने विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया। नगर में जाहरवीर गोगा जी की भव्य शोभायात्रा के साथ ही कई दिनों तक चलने वाले माढ़ी के मेले का विधिवत शुभारंभ हो गया। मेले का विधिवत उद्घाटन रालोद विधान मंडल दल के नेता क्षेत्रीय विधायक राजपाल बालियान एवं भाजपा जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी ने संयुक्त रूप से किया। छड़ी स्थापना भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष रूबी सैनी एवं दीप प्रज्वलित प्रमुख समाजसेवी उमेश मित्तल द्वारा किया गया। इससे पूर्व शोभायात्रा में शामिल झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रही स्थान स्थान पर जाहरवीर जी की प्रतिमा का पूजा अर्चना कर सपनों सरीखा स्वागत किया गया। शोभायात्रा के समापन के साथ ही रात्रि में मेले का विधिवत उद्घाटन हुआ।

निशान चढ़ाया गया एवं छड़ी पूजन किया गया। इस अवसर पर जीर्णोद्धार के बाद रंग बिरंगी विद्युत रोशनी से नहाई माढ़ी आकर्षण का केंद्र बनी रही। गौरतलब है कि हाल ही में इसे भव्य रूप दिया गया है। गुरू गोरखनाथ के मंदिर पर भी विशेष पूजा अर्चना की गई। धार्मिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहने वाले राधेश्याम नामदेव (प्रधान जी) ने जाहरवीर की महिमा के विषय में प्रकाश डालते हुए बुलेटिन के विशेष प्रतिनिधि सचिन संगल को बताया कि जाहरवीर गोगा के बारे में विभिन्न कथाएं प्रचलित हैं। समाज के प्रत्येक वर्ग में गोगाजी के



प्रति अगाध आस्था है। बताया जाता है कि जाहरवीर गोगा जी का जन्म गुरू गोरखनाथ जी के वरदान से हुआ था। उन्हें लोक देवता सांपों के देवता नागराज गोगा पीर गौ रक्षक देवता जाहरवीर आदि नामों से जाना जाता है। गोगा जी का जन्म राजस्थान के चूरू जिले में भाद्रपद कृष्ण पक्ष की नवमी को 11वीं सदी में हुआ था। उनकी माता का नाम बाछल देवी, पिता का नाम जेवर, पत्नी का नाम सिरियल एवं पुत्र का नाम केसरियाजी था। गुरू गोरखनाथ के वह परम शिष्य थे, उनकी घोड़ी को नीली घोड़ी के नाम से पुकारा जाता है।। ऐसी मान्यता है कि किसान हल जोतने से पहले गोगा राखड़ी हल एवं बैल को बांधते थे। इस दौरान समिति के अध्यक्ष रविंद्र सैनी, मोनू सैनी प्रधान, सोनू नामदेव, अशोक सैनी, अरविंद सैनी, सोमपाल प्रजापति, अंजू सैनी, राकेश कश्यप, राजा सैनी, कार्तिक सैनी आदि मौजूद रहे।

## एमजी वर्ल्ड विजन विद्यालय में हुई मेटामॉरफोसिस ए मल्टी स्किल विषय पर इंटर स्कूल प्रतियोगिता



**मुजफ्फरनगर, 09 सितम्बर (बु.)।** छात्रों के सम्पूर्ण विकास हेतु एमजी वर्ल्ड विजन विद्यालय समय-समय पर प्रतियोगिताएं व रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। उसी ओर कदम बढ़ाते हुए विद्यालय में मेटामॉरफोसिस इंटर स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

एमजी वर्ल्ड विजन विद्यालय सहित एमजी पब्लिक, द एस डी पब्लिक, जीडी गोयंका,गोल्डन पब्लिक स्कूल, जीसी पब्लिक स्कूल व जेपीएस पब्लिक आदि स्कूलों के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या डॉ. मृणालिनी अनंत व अन्य निर्णायक मंडल के सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया, जिसमें उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिजनों व अभिभावकों का स्वागत किया। मेटामॉरफोसिस के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें तैराकी, खो-खो, टर्न द कॉट, लिप्पन आर्ट, जस्ट ए मिनट, भजन रिसाइटल, सोलो डांस, ड्यूइट डांस व ग्रुप डांस प्रतियोगिता शामिल थे। निर्णायक मंडल का फैसला अंतिम और सर्वमान्य रहा। ओवर ऑल विजेता की ट्रॉफी एमजी पब्लिक स्कूल को प्रदान की गई, जो एक वर्ष तक विद्यालय के पास रहेगी।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मृणालिनी अनंत, सेक्रेटरी वैभव गोयल व मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष आईएएस कविता मीणा ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्या ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों का धन्यवाद किया और कहा कि यह कार्यक्रम न केवल छात्रों को मनोरंजन प्रदान करता हैं, बल्कि उन्हें जीवन के गहरे अर्थों को समझने के लिए प्रेरित करता है। यह कार्यक्रम साबित करता है कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह छात्रों के जीवन में बदलाव लाने का एक माध्यम भी है। मंच का संचालन कक्षा 9 की छात्रा तनिष्का व तनीषी मलिक और कक्षा 7 की छात्रा अद्विता व युविका द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु एकेडमिक कोऑर्डिनेटर मोनिका अग्रवाल व अध्यापिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## चूल्हे पर थूकने को लेकर दो भाइयों में चले लाठी-डंडे



**जानसठ, 09 सितम्बर (बु.)। क्षेत्र के गांव भलेड़ी में चूल्हे पर थूकने को लेकर दो भाइयों में जमकर लाठी डंडे चले। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को थाने लेकर आ गई। थाने लाकर दोनों का शांति भंग की धारा में चालान कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव भलेड़ी में शहजाद व पप्पू पुत्रगण अली हसन परिवार सहित रहते हैं। सोमवार को पप्पू की पत्नी चूल्हे पर खाना बना रही थी तभी शहजाद ने आकर चूल्हे पर थूक दिया। पप्पू व उसकी पत्नी ने चूल्हे पर थूकने का विरोध किया। विरोध करने पर दोनों में गाली गलौच हो गई। गाली गलौच के बाद दोनों में लाठी डंडे चल गए, जिसमें दोनों घायल हो गए। लाठी-डंडे चलने की सूचना किसी ने पुलिस को दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शहजाद व पप्पू को अलग कराया और दोनों को थाने ले आई। काफी समझाने के बाद भी जब दोनों भाई नहीं माने तो पुलिस ने दोनों का डॉक्टरी परीक्षण कर शांति भंग की धारा में चालान कर दिया।**

## नायब तहसीलदार के दुर्व्यवहार से तंग भाकियूअ ने दिया धरना



**बुढ़ाना, 09 सितम्बर (बु.)।** नायब तहसीलदार के दुर्व्यवहार से तंग आए भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार कार्यालय के समीप दरा बिछाकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरने पर मौजूद भाकियूअ के बुढ़ाना ब्लॉक अध्यक्ष पिंटू ठाकुर ने बताया कि गांव बिराल में स्थित एक तालाब की पैमाइश होनी थी, क्योंकि वहां पर ग्राम प्रधान द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना था कि अगर तालाब की पैमाइश हो जाती तो हमें यह पता लग जाता कि कहीं ग्राम प्रधान सरकारी भूमि पर निर्माण कार्य तो नहीं करा रहा है। तब उक्त तालाब की पैमाइश के आदेश एसडीएम बुढ़ाना राजकुमार के निर्देश पर तहसीलदार बुढ़ाना महेंद्र सिंह यादव ने नायब तहसीलदार को किए तो आरोप है कि नायब तहसीलदार अमन सिंह ने गांव में जाकर सिर्फ खानापूर्ति की ओर पूछने पर भाकियूअ के ग्राम अध्यक्ष संजय ठाकुर के साथ बदसलूकी की, जिसको लेकर आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने बुढ़ाना तहसीलदार कार्यालय के पास आज सोमवार के दिन दरा बिछाकर धरना शुरू कर दिया और कहा कि जब तक तालाब की पैमाइश नहीं होगी और नायब अपने व्यवहार में सुधार नहीं लाएंगे तब तक उनका धरना जिलाध्यक्ष के निर्देश पर चलता रहेगा। धरने पर घनश्याम सैनी, अलादीन, हसरत राना, प्रवेज, महताब, मेहराजुद्दीन, अमित, यशपाल और अतुल आदि भाकियूअ कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मंडल संयोजक भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ तरुण मित्तल ने कराई सदस्यता ग्रहण



**मुजफ्फरनगर, 09 सितम्बर (बु.)।** भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान को गति देने हेतु व्यापार संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष मंडल प्रभारी व सहसंयोजक भाजपा कृष्ण गोपाल मित्तल के नेतृत्व में कार्यकारी जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी, अध्यक्ष सर्राफा एसोसिएशन पवन वर्मा, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष व मंडल संयोजक भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ तरुण मित्तल द्वारा सर्राफा व्यापारियों के मध्य सदस्यता अभियान चलाया गया और जोर-शोर के साथ व्यापारियों को देश के सबसे बड़े दल, राष्ट्र सेवा को समर्पित भारतीय जनता पार्टी की सदस्य ग्रहण कराते हुए समस्त व्यापारियों से भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हुए सदस्यता अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

## श्रीराम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में 'शिक्षा द्वारा सर्वांगीण विकास' पर गोष्ठी

**मुजफ्फरनगर, 9 सितम्बर (बु.)।** श्री राम ग्रुप ऑफ कालिजेज, मुजफ्फरनगर की इकाई श्रीराम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के तत्वाधान में प्रजापिता ब्र. कु. ईश्वरीय वि.वि. द्वारा कार्यक्रम 'शिक्षा द्वारा सर्वांगीण विकास' विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीराम ग्रुप ऑफ कालिजेज के चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ ने की, जबकि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्र.कु. उर्मिला दीदी एवं ब्र.कु. बबीता दीदी रही। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ब्र. कु. उर्मिला दीदी, ब्र.कु. बबीता दीदी एवं टी.एस. रावत, अध्यक्ष श्रीराम कॉलेज ऑफ लॉ व अन्य अतिथियों ने दीप-प्रज्जवलित करके किया। इसके उपरान्त मंचासीन अतिथियों के स्वागत क्रम में संस्थान के निदेशक प्रो. एसएन चौहान ने मुख्य अतिथि ब्र.कु. उर्मिला दीदी व ब्र. कु. बबीता दीदी को पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल ने शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। स्वागतोपरान्त डॉ. आकांक्षा सिंह द्वारा मंच का संचालन किया गया। इसके पश्चात टीएस रावत, अध्यक्ष ने बहन उर्मिला दीदी के जीवन पर प्रकाश डाला, जबकि बहन बबीता ने प्रजापिता ब्र.कु. ईश्वरीय वि.वि. के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत मुख्य अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों से अपने अमूल्य अनुभवों को साझा किया एवं जीवन जीने के लिये कुछ मूल मंत्र दिये गये, जिसमें उन्होंने



विद्यार्थियों को बताया कि मानसिक स्वास्थ्य जीवन जीने की मूलभूत ईकाई है। यदि हमारा मन प्रसन्न व स्वस्थ है, तो हमारा तन भी प्रसन्न व स्वस्थ रहेगा, जिसके लिए संयम, समर्पण व अनुशासित जीवन अति आवश्यक है। उन्होंने दूसरा मूलमंत्र यह दिया कि बड़ी प्राप्ति के लिये छोटी प्राप्ति का त्याग करना पड़ता है। कार्यक्रम के अंत में संस्था के निदेशक डॉ. एस.एन. चौहान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारे छात्रों के मार्गदर्शन के लिये भविष्य में आयोजित होते रहने चाहिए साथ ही उन्होंने मुख्य अतिथि ब्र.कु. उर्मिला दीदी, ब्र.कु. बबीता दीदी एवं टी.एस. रावत अध्यक्ष श्रीराम कॉलेज ऑफ लॉ का आभार व्यक्त किया। निदेशक डॉ. एस.एन. चौहान, डीन डॉ. सुचित्रा त्यागी व सभी संकायों के विभागाध्यक्ष, श्रीराम कॉलेज के निदेशक डॉ. अशोक कुमार, श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल, एसआरजीसी रिसर्च, डॉ. आर. पी. सिंह, ललित डॉ. मनोज धीमान एवं डीन एकेडमिक्स डॉ. विनीत कुमार शर्मा आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## गणेश चतुर्थी उत्सव में शारदेन विद्यालय के नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा गणपति जी का किया गया भव्य स्वागत



**मुजफ्फरनगर, 9 सितम्बर (बु.)।** शारदेन विद्यालय के नन्हें-मुन्ने बच्चों के द्वारा गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में भगवान गणपति का भव्य स्वागत किया गया। सर्वप्रथम भगवान गणपति की सुसज्जित एवं भव्य प्रतिमा को प्रतिमा को पूरी श्रद्धा के साथ विद्यालय प्रांगण में स्थापित किया गया। इसके पश्चात केजी कक्षा के नन्हें-मुन्ने बच्चों के साथ मिलकर सभी ने गणपति जी की पूजा तथा आरती की।

"आओ बप्पा हमारे द्वार, करो सबका उद्धार" यह मंत्र न केवल भक्तों की आस्था को दर्शाता है, बल्कि बप्पा से उनके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करता है। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या धारा रतनजी ने सभी को भगवान गणेश के विषय में बताते हुए कहा कि हिंदू धर्म में भगवान श्री गणेश जी को विघ्न-विनाशक और सभी सुखों को प्रदान करने वाला देवता माना गया है। मान्यता है कि गणपति की साधना करने पर साधक को सुख-समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। गणपति की कृपा से साधक के सभी दुःख दूर होते हैं और उसे बल, बुद्धि और विद्या का आशीर्वाद प्राप्त होता है। मान्यता है कि किसी भी कार्य से पहले सर्वशक्तिमान भगवान श्री गणेश की पूजा करने पर उस कार्य में कोई बाधा नहीं आती है और गणपति की कृपा से वह कार्य समय पर संपूर्ण होता है।

## हिंदू संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल एसएसपी से मिला



**मुजफ्फरनगर, 09 सितम्बर (बु.)।** हिंदू संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस कार्यालय पहुंचकर एसएसपी अभिषेक सिंह से मिला। हिंदू संघर्ष समिति के संयोजक नरेंद्र पवार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह से ककरौली थाना क्षेत्र में स्कूल की छात्रा के साथ छेड़छाड़ के बाद मारपीट प्रकरण में फरार चल रहे दो मुख्य आरोपियों असलम एवं नवाब की गिरफ्तारी के संबंध में एवं शहर के हिंदू बहुल भरतिया कालोनी में मुस्लिम व्यक्ति नदीम के द्वारा लिए गए मकान एवं उसमें नमाज पढ़ी गईं जिससे कॉलोनी का माहोल खराब ना हो के संबंध में वार्ता की। जिस पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने उचित कार्रवाई करने का भरोसा दिया। प्रतिनिधि मंडल में अरुण प्रताप सिंह, संजय मिश्रा, मनोज पाटिल, मुकेश त्यागी, शरद कपूर, राजीव धीमान, अंजेश गुर्जर, संजीव वर्मा, राजन चौधरी शामिल रहे।

## छात्रा के साथ छेड़छाड़ आरोपितों के खिलाफ हुआ मुकदमा दर्ज

**सिखेड़ा, 09 सितम्बर (बु.)।** स्कूल से घर लौट रही छात्रा के साथ दूसरे समुदाय के लड़कों ने छेड़छाड़ कर दी। छेड़छाड़ की सूचना उसने स्वजन को दी। स्वजन ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित युवको को हिरासत में लिया। क्षेत्र के गांव की रहने वाली युवती सिखेड़ा स्कूल में पढ़ती है। शुक्रवार को छुट्टी होने के बाद वह घर लौट रही थी। सिखेड़ा गांव में दूसरे समुदाय के दो युवक खड़े थे। दोनों ने उसके साथ छेड़छाड़ कर दी। छात्रा ने अपने साथ हुई छेड़छाड़ की जानकारी घर जाकर स्वजन को दी। स्वजन ने रविवार को बेटी के साथ हुई छेड़छाड़ की तहरीर थाने में दी। पुलिस ने लड़की के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया। सोमवार को पुलिस दोनों युवकों को पकड़कर थाने ले आई। थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि छात्रा के पिता ने अपनी लड़की के साथ सलीम पुत्र इकबाल और तोसीन पुत्र इकराम निवासी सिखेड़ा के द्वारा छेड़छाड़ करने का आरोप लगाकर थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

## मुखबिरी के शक में घर बैठे व्यक्ति को पीटा

**मीरापुर, 09 सितम्बर (बु.)।** संभलहेडा गांव निवासी नवाब पुत्र साबू शाम के समय घर के बाहर बैठा हुआ था। आरोप है कि गांव के ही कुछ अपराधिक प्रवर्ति के युवक उसके पास पहुँचे और उस पर मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कराया। ग्रामीणों के अनुसार हमलावरों पर पूर्व में गोकशी के मुकदमें दर्ज हैं तथा मुखबिरी के शक में नवाब के साथ मारपीट की गई। समाचार लिखे जाने तक मामले में कोई लिखा पढ़ी नहीं हई थी। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।

## वक्फ संपत्तियों के खिलाफ कानून को लेकर जमियत उलमा ने जाहिर की चिंता



**बुढ़ाना, 09 सितम्बर (बु.)।** जमियत उलेमा ए हिंद बुढ़ाना से जुड़े काफी लोगों ने सोमवार को मौहल्ला मिर्दगान की कूबा मस्जिद में एक प्रोग्राम किया, जिसमें जमियत कार्यकर्ता वक्फ की जमीनों को लेकर चिंतित दिखे।

यहां शहर सदर मुफ्ती आस मोहम्मद कासमी ने कहा कि सरकार की तरफ से बार-बार आने वाले हर नए फितने का जवाब कानूनी तौर पर दिया जाएगा। मगर केंद्र सरकार का एक तरफा रवैय्या गलत है। जनरल सेक्रेटरी हाफिज अय्यूब त्यागी ने कहा कि नौजवान इसमें आगे आएं और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के तहत जो स्क्रीनिंग हो रही है, उस स्क्रीनर को पूरी लगन के साथ स्क्रीन करें। समीर सलमानी ने कहा कि जमियत कार्यकर्ता समय-समय पर फितने का निवारण करके राष्ट्र को जिम्मेदारी का एहसास कराती है। यह बहुत प्रशंसनीय है। इनाम कुरैशी ने कहा कि जमियत के जिम्मेदार भी समय समय पर अपनी जिम्मेदारी का एहसास कराकर राष्ट्र में जागृति का काम कर रहे हैं। हाफिज तनवीर कसेरवा ने यहां मुफ्ती आस मोहम्मद कासमी की प्रशंसा की। हाफिज सज्जाद ने कहा कि हम मौहल्ले में 200 लोगों की स्क्रीनिंग करा चुके हैं। मौलाना इसराइल ने दुआ कराई। यहां पर मौलाना इसराइल, हकीम कारी जरीफ, मुफ्ती फैजान, मौलाना फारूख, हाफिज अय्यूब कुरैशी, मौ. साकिब, कारी शमशाद, पीर, अब्दुल गफ्फार सैफी, कारी तनवीर, इंतजार, इकबाल सलमानी, मोहम्मद जैद, सलीम, शायान आलम, हाफिज मोहम्मद असद, हकीम कारी जरीफ और हाफिज मोहम्मद मूसा आदि मौजूद रहे।

## पुरकाजी क्षेत्र से शिविर में मिले तीस दिव्यांग बच्चे

**छपार, 9 सितम्बर (बु.)।** ब्लाक संसाधन केन्द्र पुरकाजी में समग्र शिक्षा अभियान के तहत छात्रों का मापन कार्यक्रम को शिविर लगाया गया। विकास खंड पुरकाजी क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के तीस बच्चे टीम को दिव्यांग मिले। जिनके लिए सामग्री का वितरण होगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में पुरकाजी क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले स्कूली बच्चों को टीम द्वारा मापन किया गया। उक्त बच्चों में सुनने, बोलने, देखने, चलने-फिरने व मानसिक दिव्यांगता आदि की जांच की गई। जिसमें तीस बच्चे चयनित किए गए। इस दौरान प्रदेश सरकार की ओर से आए दिव्यांगता विशेषज्ञ अश्वनि, कृष्ण देव, चिरंजीवी, भानू प्रताप, शुभम यादव की टीम ने बच्चों की बारिकी से जांच कर दिव्यांगता को परखा। इस मौके पर शिक्षक मैराज खालिद रिजवी, योगेश कुमार, नितिन चौधरी आदि के साथ ही दिव्यांग बच्चों के अभिभावक रहे।

## यूपी डीजीपी बोले, जाति देखकर एनकाउंटर नहीं करती हमारी पुलिस

**लखनऊ, 9 सितंबर (एजेंसी)।** डीजीपी प्रशांत कुमार ने पुलिस पर लग रहे आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि यूपी पुलिस जाति देखकर एनकाउंटर नहीं करती है। इस तरह के सभी आरोप निराधार हैं। पुलिस पूरी निष्पक्षता के साथ कार्रवाई करती है। मैं इस तरह के सभी आरोपों का खंडन करता हूं। बता दें कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश पुलिस पर जाति देखकर कार्रवाई करने का आरोप लगाया था जिसका डीजीपी ने खंडन किया है। वहीं, कानपुर में ट्रेन पलटाने की साजिश पर भी उन्होंने बयान दिया। उन्होंने कहा कि सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके का मुआयना किया है। हम चीजों को गंभीरता से ले रहे हैं। सभी पहलुओं को देखेंगे। बिना पूरी जांच पड़ताल के इस पर कुछ भी कहना ठीक नहीं है।

## मायावती ने कहा: बसपा सरकार में नहीं होते थे फर्जी एनकाउंटर

**लखनऊ, 9 सितंबर (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सुल्तानपुर में डकैती के बाद हुए एनकाउंटर को लेकर भाजपा और सपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सुल्तानपुर जिले में एनकाउंटर के बाद से भाजपा व सपा में कानून-व्यवस्था को लेकर आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। अपराध, अपराधी व जाति के नाम पर जबरदस्ती की राजनीति की जा रही है। इस मामले में ये दोनों दलों का चाल और चरित्र एक जैसा ही है। बसपा सुप्रीमो ने सोशल मीडिया पर आगे लिखा कि भाजपा की तरह सपा सरकार में भी तो कई गुना ज्यादा कानून-व्यवस्था का बुरा हाल था। दलितों, अन्य पिछड़े वर्गों, गरीबों व व्यापारियों आदि को सपा के गुंडे, माफिया दिनदहाड़े लूटते व मारते-पीटते थे। ये सब लोग भूले नहीं हैं। जबकि प्रदेश में वास्तव में कानून द्वारा कानून का राज बसपा के शासन में ही रहा है। जाति व धर्म के भेदभाव के बिना लोगों को न्याय दिया गया। कोई फर्जी एनकाउंटर आदि भी नहीं हुए।

## मुठभेड़ में मारे गए मंगेश यादव के घर पहुंचे अजय राय

**जौनपुर, 9 सितंबर (एजेंसी)।** सुल्तानपुर में पुलिस एनकाउंटर में मारे गए मंगेश यादव के घर पर सोमवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पहुंचे। उन्होंने मंगेश के परिजनों से मिलकर सांत्वना व हर संभव मदद का आश्वासन दिया। कांग्रेस नेता अजय राय ने घटना की हाईकोर्ट के सिटिंग जज से निष्पक्ष न्यायिक जांच की मांग की। वहीं उन्होंने पुलिस पर एनकाउंटर की आड़ में हत्या का आरोप लगाया। मंगेश की मां एवं पिता को सांत्वना देते हुए हर संभव मदद करने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सत्ता के विरोधियों को मरवाया जा रहा है। प्रदेश में अराजकता का माहौल है। इस दौरान पूर्व अजय राय के साथ विधायक नदीम जावेद, अनिल यादव, हुकुम सिंह, देवराज पांडे, प्रभात विक्रम सिंह, राकेश सिंह, संदीप सोनकर, रामकुमार यादव, कमलेश यादव, जगदीश यादव आदि मौजूद रहे।

## सुल्तानपुर डकैती कांड में विपिन सिंह के भाई को पकड़ा

**लखनऊ, 9 सितंबर (एजेंसी)।** सुल्तानपुर डकैती कांड में पूछताछ कर रही पुलिस टीम ने वारदात के मुख्य आरोपी विपिन सिंह के भाइयों विवेक सिंह व विमल सिंह को पूछताछ के लिए उठा लिया। दोनों चार दिनों से घर नहीं पहुंचे हैं। परिजनों ने इसे लेकर हाईकोर्ट में याचिका दी है जिस पर अमेठी व सुल्तानपुर के एसपी को कोर्ट ने तलब किया है। इसके पहले, रविवार को रायबरेली जिला कारागार में सुल्तानपुर पुलिस और अयोध्या की एसओजी टीम प्रभारी ने मास्टरमाइंड विपिन सिंह से पूछताछ की और फिर उसे लेकर निकल गए। सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस टीम को सोने की बरामदगी के अहम सुराग मिले हैं। साथ ही मास्टमाइंड के परिवार के सदस्यों और जानने पहचाने वालों की भी सूची तैयार कर ली गई है। जिनके घरों पर भी छापा मारा जाएगा। वहीं, सूत्र यह भी बता रहे हैं कि कुर्की की कार्रवाई को लेकर भी तैयारी हो रही है।

## ट्रेन को पलटाने की साजिश में 12 से ज्यादा संदिग्ध पकड़े

**कानपुर, 9 सितंबर (एजेंसी)।** कानपुर-कासगंज रेल पथ के बर्राजपुर-उत्तरीपुरा में मध्य प्रयागराज से भिवानी जा रही कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश में रेलपथ पर एलपीजी सिलिंडर व अन्य ज्वलनशील पदार्थ रखने के मामले में सोमवार सुबह करीब 11 बजे एटीएस के आईजी नीलाब्जा चौधरी ने अपनी विशेषज्ञों की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। मौके पर मौजूद मिले एडीसीपी विजेंद्र द्विवेदी और सहायक पुलिस आयुक्त अजय त्रिवेदी से मामले के अन्य पहलुओं पर जांच के आदेश दिए। एटीएस के आईजी नीलाब्जा चौधरी ने बताया कि मौके पर रविवार रात एक गैस सिलिंडर सहित, एक कांच की बोतल जिसमें पेट्रोलियम भरा पाया गया है, पास ही मिले एक थैले में भी कई ज्वलनशील पदार्थ मिले हैं। बताया कि 12 से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। साथ ही सीसीटीवी कैमरों से भी जांच पड़ताल की जा रही है।

## शायरा ने अपमानजनक वीडियो वायरल करने का लगाया आरोप

**ग्रेटर नोएडा, 9 सितंबर (एजेंसी)।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र की पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्टे सोसाइटी निवासी एक शायर ने गलत और अपमानजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप लगाया है। पीड़िता के पति की शिकायत पर पुलिस ने 16 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। आरोपियों में कई नामी शायर भी शामिल है। आरोप है कि आरोपियों ने उनकी पत्नी के चरित्र को लेकर गलत टिप्पणी की है। पीड़ित ने बताया कि उनकी पत्नी डिजिटल मार्केटिंग के व्यवसाय से जुड़ी हैं। उनको शायरी करने का शौक है। वो देश-विदेश में होने वाले मुशायरों में भाग लेती हैं। पति अधिवक्ता हैं।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2024

सम्पादक की क़लम से

## राहुल गांधी और अमेरिका यात्रा

राहुल गांधी ने अपनी अमेरिका यात्रा में फिर वही पुरानी बातें कहीं हैं। अपनी विदेश यात्राओं में राहुल अक्सर सरकार विरोधी बातें करते हैं, जिनका अर्थ कहीं-कहीं देश विरोध में बदल जाता है। भारतीयों का मानना है कि विदेश जाकर अपने देश की सरकार की आलोचना करना अच्छी बात नहीं है, क्योंकि भारत के अधिकतम लोगों के वोट से बनी हुई सरकार की आलोचना, देश की जनता की आलोचना है। यह आलोचना भारत में की जाए तो अलग है, विदेश में करना हल्की बात है। भाजपाई राहुल गांधी के विदेश में दिए गए सम्बोधन पर कटाक्ष कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद राहुल गांधी का ये पहला अमेरिकी दौरा है। राहुल गांधी ने टेक्सास में दो कार्यक्रमों में शिरकत की। राहुल ने भारतीय समुदाय के लोगों से भी मुलाकात की और यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास के एक कार्यक्रम में अपनी बातें रखीं। राहुल गांधी ने कहा, चुनाव के नतीजे आने के कुछ मिनट के अंदर ही लोगों के मन से बीजेपी और भारत के प्रधानमन्त्री मोदी का डर समाप्त हो गया। राहुल गांधी ने टेक्सास में एक कार्यक्रम में कहा, आरएसएस मानता है कि भारत 'एक विचार' है, जबकि हम मानते हैं कि भारत 'कई विचारों' से बना है। हम अमेरिका की तरह मानते हैं कि हर किसी को सपने देखने का अधिकार है, सबको भागीदारी का मौका मिलना चाहिए और यही लड़ाई है। राहुल के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए बीजेपी सांसद गिरिराज सिंह ने कहा, आरएसएस को जानने के लिए राहुल गांधी को कई जन्म लेने पड़ेंगे। कोई देशद्रोही आरएसएस को नहीं जान सकता, जो विदेशों में जाकर देश की निंदा करे वो आरएसएस को नहीं जान सकता। लगता है कि राहुल गांधी भारत को बदनाम करने के लिए ही विदेश जानते हैं। उन्होंने कहा, मैं बार-बार कह रहा हूं कि राहुल गांधी इस जन्म में आरएसएस को नहीं समझ पाएंगे, क्योंकि यह संगठन भारतीय संस्कार और संस्कृति से पैदा हुआ है। राहुल गांधी पहले भी अमेरिका के दौरे पर जाते रहे हैं। उनके विदेश दौरों पर देश में उनकी आलोचना, निन्दा होती रही है। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा ने टेक्सास में राहुल गांधी का परिचय कराते हुए कहा राहुल गांधी के पास एक विजन है। ये उस बात के विपरीत है जिसके लिए बीजेपी ने करोड़ों रुपये खर्च किए हैं। वो पप्पू नहीं हैं, वो काफी शिक्षित इंसान हैं, उन्होंने बहुत कुछ पढ़ा है,वो एक रणनीतिकार हैं, जिसके पास किसी भी मुद्दे पर गहरा विचार है। बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने इसी बयान के एक अंश को साझा कर तंज कसा है। अमित मालवीय ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है, कल्पना कीजिए कि कोई राहुल गांधी का परिचय इस तरह से करा रहा हो कि वो पप्पू नहीं है और सैम पित्रोदा ने यह कर दिखाया है। सैम पित्रोदा अक्सर अंट शंट बयानबाजी के लिए जाने जाते हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान भी अपने एक बयान के कारण चर्चा में आ गए थे, वो बयान इतना अहमकाना था कि सैम पित्रोदा को इस्तीफा तक देना पड़ा था। हालांकि चुनाव खत्म होते ही वो फिर अपने पद पर दोबारा नियुक्त कर दिए गए थे, यानी उनकी मूढ़ता को स्वीकार कर लिया गया। सैम पित्रोदा ने मई 2024 को एक इंटरव्यू में कहा था, हम भारत जैसे विविधता से भरे देश को एकजुट रख सकते हैं, जहाँ पूर्व में रहने वाले लोग चाइनीज जैसे दिखते हैं, पश्चिम में रहने वाले अरब जैसे दिखते हैं, उत्तर में रहने वाले मेरे ख़्याल से गोरे लोगों की तरह दिखते हैं, वहीं दक्षिण में रहने वाले अफ़्रीकी जैसे लगते हैं। अमेरिका में हुए कार्यक्रम में राहुल गांधी ने दावा किया कि बीजेपी भारत के संविधान पर हमला कर रही है। राहुल गांधी ने दावा किया है कि चुनाव के दौरान लाखों लोग इस बात को स्पष्ट तौर पर समझ रहे थे कि भारत के प्रधानमन्त्री भारत के संविधान पर हमला कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा, भारत के संविधान में भाषा, धर्म, परंपरा और जाति हर किसी के सम्मान की बात की गई है। संविधान आधुनिक भारत की बुनियाद है। चुनाव के दौरान मैंने देखा कि लोग स्पष्ट तौर पर समझ रहे थे कि बीजेपी हमारी परंपरा, भाषा, राज्य और इतिहास पर हमला कर रही है। राहुल गांधी ने छात्रों के बीच कहा कि आज भारत में फोन, फर्नीचर और कपड़े हर चीज के पीछे 'मेड इन चाइना' लिखा होता है। राहुल ने अपनी पदयात्रा की वजह बताते हुए कहा कि इसकी वजह यह है कि भारत में संचार के सभी रास्ते बंद थे। हमने संसद में बात की, लेकिन उसका टेलीविजन पर प्रसारण नहीं हुआ। हम मीडिया के पास गए, लेकिन उन्होंने हमारी बात नहीं सुनी। हमने कानूनी व्यवस्था के सामने दस्तावेज भी पेश किए, लेकिन कुछ नहीं हुआ। सारे रास्ते बंद हो गए और लंबे समय तक हम समझ ही नहीं पाए कि संवाद कैसे करें। फिर अचानक, हमें यह विचार आया कि अगर मीडिया आम लोगों तक नहीं पहुंच रहा है और संस्थाएं हमें लोगों से नहीं जोड़ रही हैं तो हम सीधा उनके पास जाएं। बीजेपी सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा, राहुल गांधी ने चीन का जिक्र करके एक बार फिर देश को बता दिया है कि उन्हें चीन से कितना प्यार है, राहुल गांधी द्वारा भारत में रोजगार की समस्या का जिक्र करना दिखाता है कि वह भारत के बारे में क्या सोचते हैं। प्रधानमन्त्री मोदी के आने के बाद आज लाखों रोजगार सृजित हो रहे हैं, अगर आज रोजगार की समस्या है, तो इसका कारण है कि कांग्रेस अपने लंबे समय के शासन में ऐसी व्यवस्था नहीं बना पाई कि जितनी जनसंख्या बढ़े उसी अनुपात में रोजगार सृजित हों। इसके बावजूद प्रधानमन्त्री मोदी ने 10 साल में रोजगार के नए आयाम स्थापित किए हैं, राहुल गांधी को समझना चाहिए कि वह क्या और कब और कहाँ कह रहे हैं। अगर विपक्ष के नेता इस तरह के गैरजिम्मेदाराना बयान देंगे, तो जनता इसका जवाब देगी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा, राहुल गांधी चीन के लिए बल्लेबाजी करने के लिए बहुत उत्सुक हैं और उन्हें भारत का अपमान करने की आदत है। राहुल पर वार करते हुए शहजाद पूनावाला ने कहा कि उमर अब्दुल्ला और फारूक अब्दुल्ला ने वादा किया है कि घाटी में धारा 370 दोबारा लागू की जाएगी। राहुल को हमें बताना चाहिए कि क्या वह अनुच्छेद 370 के पक्ष में हैं या जम्मू-कश्मीर में बीआर अंबेडकर के संविधान के पक्ष में हैं। एक भाजपा नेता ने राहुल के अमेरिका में सम्बोधन पर कहा कि राहुल को पता ही नहीं कि कब, कहाँ, क्या कहना चाहिए। उन्होंने वसीम बरेलवी का शेर सुनाया-
कौन सी बात कहाँ कैसे कही जाती है,
ये सलीका हो तो हर बात सुनी जाती है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

"सियासत" "वतन" "आमाल" "शैतान"

जिन्हें लालच है सत्ता का वो भक्ति कर नहीं सकते,
जरा सी बात से उनकी पता चल जाती है फितरत।
छुपाओ जितना भी चाहे, छुपाना है बहुत मुश्किल,
टिकट की मांग से प्यारे उभर कर आ गयी नीयत।

# गणपति धाम में बादामों से किया गणपति भगवान का पूजन अर्चन

**मुजफ्फरनगर, 9 सितंबर (बु.)।** नगर के गणपति खाटू श्याम धाम में गणपति जन्मोत्सव के तीसरे दिन आज गणेश जी का बादामों से पूजन किया गया। इस मौके पर विधिवत मंत्रोच्चार के साथ नवग्रह स्थापना कराई गई। मेरठ रोड पर आयोजित कार्यक्रम में भी भव्य पूजा अर्चना की गई।गणपति जन्मोत्सव पर नगर में विभिन्न स्थानों पर आयोजन किए जा रहे हैं। भरतिया कॉलोनी स्थिति श्रीगणपति खाटू श्याम धाम में आज तीसरे दिन सुबह भव्य पूजा अर्चना का आयोजन किया गया। पंडित भास्कर द्वारा यजमानों की उपस्थिति में मंत्रोच्चार के साथ नवग्रह की स्थापना कराई गई। इसके बाद भगवान गणपति की बादामों से पूजा की गई। आयोजन में मदिर के संस्थापक प्रमुख उद्यमी भीम कंसल, प्रधान अशोक गर्ग, रजत राठी, अंकित, अनिल गोयल, जेपी गोयल, रजत गोयल आदि का सहयोग रहा। संध्या काल में विशेष आरती का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इससे पूर्व बीती शाम भजनों की धुन पर नाचते गाते श्रद्धालुओं ने गणपति जी का जन्मोत्सव मनाया।





## भाविप विराट परिवार संस्कृति सप्ताह संपन्न

**मुजफ्फरनगर, 9 सितंबर (बु.)।** भारत विकास परिषद विराट परिवार संस्कृति सप्ताह का समापन और प्रबुद्ध नागरिक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथियों में अनुराग दुबलिश क्षेत्रीय महासचिव, शशिकांत मित्तल प्रांतीय अध्यक्ष, सरल माधव प्रांतीय महासचिव, प्रवीण कुमार जिला सह समन्वयक, मोहित संगल जिला मीडिया प्रभारी रहे। इस मौके पर विकास रत्न परम कीर्तिशरण, लक्ष्मीकांत मित्तल, सुगंध जैन, कमल गोयल सहित तथा अन्य सभी शाखाओं से पधारे पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पवन गोयल लिबर्टी ने किया। सर्व प्रथम दीप प्रज्जवलन, वंदे मातरम, गणेश वंदना अतिथियों का स्वागत के पश्चात अध्यक्ष मनोज गोयल द्वारा संबोधन किया गया। सचिव अजय कुमार गर्ग द्वारा साप्ताहिक सेवा कार्यक्रमों की रिपोर्ट पढ़ी गई। संस्कृति सप्ताह चैयरमेन राम कुमार तायल ने विराट टीम को चांदी के सिक्के देकर सम्मानित किया। विराट टीम ने साप्ताहिक सेवा कार्यक्रमों मे उपस्थित रहने वाले सभी सदस्यों को सम्मान और उपहार वितरित किए। महिला संयोजिका प्रिया गर्ग द्वारा बच्चों को जन्माष्टमी पुरस्कार दिये गये। विराट शाखा द्वारा प्रबुद्ध नागरिक सम्मान में सुरेंद्र अग्रवाल एवं विश्व रतन को पटका और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों ने अपना आशीर्वाद रुपी संबोधन दिया। संजय कुमार जैन कोषाध्यक्ष ने सभी सप्ताह चैयरमेनों का आभार प्रकट किया।





## लाखों रुपये की दवाइयों के साथ एक गिरफ्तार

**सहारनपुर, 9 सितंबर (एजेंसी)।** आरपीएफ ने रेलवे स्टेशन से एक युवक को गिरफ्तार किया, जिसके पास से विभिन्न प्रकार की करीब 1.38 लाख रुपये की दवाएं बरामद हुई हैं। दवाएं नकली और नशीली होने की आशंका है। आरपीएफ जांच के लिए मामले की जानकारी ड्रग विभाग को दी है। आरोपी दवाओं से संबंधित बिल भी नहीं दिखा पाया। सोमवार ड्रग विभाग जांच करेगा, जिसमें पता चलेगा कि दवाएं नकली, नशीली या फिर सही हैं।
जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में होने वाले चुनाव को लेकर आरपीएफ रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चला रही है। खासकर संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही यात्रियों का सामान खुलवाकर भी देखा जा रहा है। इसी के तहत आरपीएफ की टीम की दिल्ली-जालंधर सुपर फास्ट ट्रेन को चेक कर रही थी। इसी दौरान रेलवे स्टेशन पर लकड़ी के पुल के पास प्लेटफार्म नंबर छह पर ट्रेन के स्लीपर कोच के सामने एक संदिग्ध व्यक्ति को बैठे हुए देखा। आरोपी के पास दो काले रंग के बैग थे। आरपीएफ की टीम इस व्यक्ति के पास पहुंची। बैग खुलवाकर देखे तो उनके अंदर से भारी मात्रा में दवाएं बरामद हुई।

## विश्वकर्मा युवा सेना ने आगामी विश्वकर्मा पूजन दिवस मनाने के लिए की बैठक आहूत



**मुजफ्फरनगर, 9 सितम्बर (बुस.)।** विश्वकर्मा युवा सेना द्वारा विश्वकर्मा मंदिर धर्मशाला इंदिरा कॉलोनी में विश्वकर्मा युवा सेना द्वारा बैठक आहूत की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रदीप धीमान ने की तथा संचालन सूरजदत्त द्वारा किया गया। बैठक में सभी युवाओं ने संगठन के साथ आने वाली 17 सितंबर पर विश्वकर्मा पूजा दिवस को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया, इसके साथ ही भगवान विश्वकर्मा का प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी तय हुआ। बैठक में विश्वकर्मा एकता समिति के संस्थापक श्री विजेंद्र धीमान का भी आशीर्वाद प्राप्त हुआ। विश्वकर्मा युवा सेना के अध्यक्ष द्वारा शोभायात्रा में सहभागिता न करने का निर्णय लिया गया, बैठक में मुख्य रूप से अनुज विश्वकर्मा, सूरज धीमान, प्रमोद धीमान, राहुल धीमान गौ सेवक निशु धीमान, एके विश्वकर्मा, राजीव धीमान मनोज धीमान, जनार्दन विश्वकर्मा, सुरेश मास्टर, हरीश धीमान, संदीप धीमान, कार्तिक धीमान, प्रदीप धीमान, गौरव धीमान, जतिन धीमान, दयानंद धीमान, अंकुश धीमान, दीपक धीमान, शिवम धीमान, अवि पांचाल, प्रवीण धीमान, आशु धीमान, शिवम जांगिड़ (पत्रकार) आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कोलकाता केस में महिला चिकित्सकों ने किया प्रदर्शन



**मुजफ्फरनगर, 09 सितम्बर (बु.)।** कोलकाता में ट्रेनी महिला चिकित्सक की रेप के बाद हत्या मामले में सोमवार को आईएमए से जुड़ी महिला चिकित्सकों एवं चिकित्सकों ने आब्स्ट्रेटिकल एंड गाईनोकोलाजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के आह्वान पर नगर में जुलूस निकाल प्रदर्शन किया और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की। सोमवार को आईएमए से जुड़े सभी स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों ने रोष प्रकट करते हुए कोलकाता कांड में आरोपियों के खिलाफ फांसी की सजा की मांग की। आब्स्ट्रेटिकल एंड गाईनोकोलाजिकल एसोसिएशन की जिला इकाई के चिकित्सकों के प्रदर्शन दौरान चिकित्सकों ने कहा कि कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में ड्यूटी कर रही महिला छात्र चिकित्सक के साथ पशुवत सामूहिक बलात्कार व निर्मम हत्या की आपराधिक घटना में अभी तक निरंतर संघर्ष के बाद भी कोई न्याय नहीं मिल पाया है। इसे देखते हुए चिकित्सक अपनी सुरक्षा को लेकर आशंकित है। कोलकाता घटना में निष्पक्ष जांच करने की मांग को लेकर चिकित्सकों के साथ समाज के सभी वर्ग व सामाजिक संगठन आंदोलन कर रहे हैं। इस प्रकरण में मुजफ्फरनगर आब्स्ट्रेटिकल एंड गाईनोलाजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के बैनर तले सभी स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ चिकित्सक जुलूस के रूप में डीएम कार्यालय पहुँचकर प्रदर्शन के बाद कोलकाता कांड के सभी आरोपियों पर सख्त कार्यवाही की मांग करते हुए प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कलेक्ट्रेट में एसोसिएशन की मुजफ्फरनगर ब्रांच प्रेजीडेंट डॉ. कविता नागर, सचिव डॉ. रूही करवाल, ट्रेजरार डॉ. प्रीति गर्ग, डॉ. मंजू प्रभाकर, डॉ. तारिणी तनेजा, डॉ. सुनीता जैन, डॉ. रूपम गुप्ता, डॉ. ललिता माहेश्वरी, डॉ. अनिता अग्रवाल, डॉ. निष्ठा, डॉ. निशा मलिक, डॉ. वंदना जैन समेत अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

## महाराजा अग्रसेन जयंती के पर्व की तैयारियों को लेकर किया गया मंथन

**मुजफ्फरनगर, 09 सितम्बर (बु.)।** महाराजा अग्रसेन स्मारक ट्रस्ट की एक बैठक सोमवार को आहुत की गयी। इस बैठक में सभी सदस्यों ने महाराजा अग्रसेन जयंती पर्व को महाराजा अग्रसेन भवन महाराजा अग्रसेन मार्ग एटू जेड कालोनी पर मंगलवार 08 अक्टूबर को बड़े उत्साहपूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के संयोजक योगेश कुमार सिंघल ने बैठक में सभी उपस्थित समाज के जिम्मेदारों को महाराजा अग्रसेन जयंती पर्व को लेकर कार्यक्रम से जुड़ी तैयारियों व रूपरेखा से अवगत कराया।
बैठक की अध्यक्षता सत्यप्रकाश मित्तल ने की। महाराजा अग्रसेन जयंती पर्व की तैयारियों को लेकर संपन्न बैठक में झण्डे, बैनर, होर्डिंग्स व पटके एवं कार्ड आदि की तैयारियों का प्रस्ताव पास किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से उपेन्द्र बंसल, अजय तायल, तेजराज गुप्ता, पवन बैटरी वाले, सतीश गर्ग, श्याम लाल बंसल, संजय गुप्ता, मित्रसैन अग्रवाल, योगेन्द्र मित्तल (राजू), अचिन कंसल, संजीव गोयल, राकेश कंसल, पुरुषोत्तम कुमार सिंहल एवं अजय सिंहल आदि उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा डी.एल. संख्या UP12 20220013759 बना हुआ है। मेरे डी.एल. में मेरे नाम की स्पेलिंग NITU दर्ज हो गयी है, जो कि गलत है। जबकि मेरे नाम की सही स्पेलिंग NEETU है। इसलिए मुझे NEETU के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

नीटू (NEETU) पुत्र श्री नरेश
निवासी- ग्राम-सीमली
तहसील व जिला- मुजफ्फरनगर

## मुजफ्फरनगर के अपराधियों पर बनेगी कालिया फिल्मः सलीम गौर



**मुजफ्फरनगर, 09 सितम्बर (बु.)।** क्राइम कैपिटल के नाम से चर्चाओं के केंद्र में रहे जनपद मुजफ्फरनगर की धरती पर पहली बार माफियाओं को केंद्र में लेकर कालिया हिन्दी फिल्म बनने जा रही है। सोमवार को आबकारी रोड स्थित रॉयल बैंकटहॉल में फिल्म के निर्माता सलीम गौर ने अपनी टीम के साथ मीडिया से वार्ता करते हुए बताया कि अगले वर्ष फरवरी माह में मुजफ्फरनगर में हो रहे अपराधों से बचने और उसे रोकने की थीम पर आधारित हिन्दी फिल्म बनायेंगे। उन्होंने कहा कि इस कालिया फिल्म की शूटिंग उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में होगी। फिल्म की कहानी को लेकर सलीम गौर ने बताया कि कहानी मुजफ्फरनगर की सच्ची घटनाओं पर आधारित है, जिसमें कहानी के आधार पर यह फिल्म समूचे देश में छा जाएगी।
सलीम गौर व प्रदीप मारू की कोहिनूर फिल्मस, पीएम फिल्मस एन्टरटेनमेंट के बैनर तले फिल्म की शुरूआत की जायेगी। उन्होंने बताया कि फिल्म मुजफ्फरनगर पर बनाई जायेगी, जिसके चलते फिल्म के अधिकतर किरदार जिले से होंगे। उन्होंने बताया कि फिल्म के माध्यम से लोगों को क्राइम से दूर करने के लिए प्रेरित किया जायेगा, ताकि जनपद के साथ अन्य जनपदों में भी लोग क्राइम के प्रति जागरूक हो सके और बढ़ते अपराध के ग्राफ को रोकने में सहायता मिल सके। इस दौरान सलीम गौर, प्रदीप मारू, सारा खां एवं आशू कपूर आदि मौजूद रहे।

## रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोचा गया एसडीएम कोर्ट का पेशकार

**अमेठी, 9 सितंबर (एजेंसी)।** अमेठी तहसील के एसडीएम आशीष कुमार सिंह की कोर्ट में योगेश श्रीवास्तव पेशकार है। यहां संग्रामपुर क्षेत्र के करनाईपुर गांव निवासी बुद्विराम आदि का बंटवारे का वाद चल रहा था। इसी मामले के वादी के पक्ष में आदेश कराने के नाम पर रिश्वत मांगी गई थी। सूत्र बताते हैं कि एसडीएम कोर्ट के पेशकार ने वादी से 20 हजार रुपये रिश्वत मांगी थी। इसके चलते वादी ने पेशकार को 15 हजार रुपये पहले ही ले लिए थे। सोमवार को उसे फिर पांच हजार रुपये देने थे। रुपये देने से पहले वादी ने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की। शिकायत के आधार पर एंटी करप्शन टीम ने दोपहर को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते हुए पेशकार

## मिशनरी स्कूल में तिलक-कलावा और नॉन वेज को लेकर बवाल

**मुरादाबाद, 9 सितंबर (एजेंसी)।** स्कूल में कलावा व तिलक पर रोक और सरस्वती वंदना की जगह बाइबिल पढ़ाने का आरोप लगाते हुए एबीवीपी, विहिप और बजरंग दल ने डी पॉल स्कूल पर प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य कक्ष के पास धरना भी दिया। प्रदर्शनकारियों ने स्कूल में वर्ग विशेष के बच्चों के नॉन वेज लाने पर रोक लगाने और छुट्टी के समय वंदेमातरम कराने की भी मांग की। बाद में अपना मांगपत्र स्कूल पहुंचे एसडीएम को दिया। सोमवार सुबह सहसपुर स्थित स्कूल पर विद्यार्थी परिषद, विहिप और बजरंग दल नेता जब पहुंचे तब तक छुट्टी हो चुकी थी। छात्र घर जा चुके थे। धरना लगभग एक घंटे चला। इस बीच एसडीएम विनय कुमार सिंह वहां पहुंच गए। प्रदर्शन के दौरान स्कूल पर हिंदू विरोधी गतिविधियों का भी आरोप लगाया गया। कार्रवाई की मांग की गई। एसडीएम ने ज्ञापन लेकर धरना खत्म कराया। प्रदर्शन में विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक सोहित राघव, विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष रजनीश गर्ग, बजरंगदल के नगर संयोजक छविराज चावला, शेखर चौहान, वंश शर्मा, आकाशपाल, प्रदीप शर्मा, अनिल कुमार, प्रशांत चौहान, जयदेव मौर्य, उत्कर्ष चौहान, संजय शर्मा आदि शामिल थे। विनय कुमार सिंह, एसडीएम बिलारी का कहना है कि स्कूल में प्रदर्शन कर रहे संगठनों का ज्ञापन लेकर उनकी समस्याएं जानीं। स्कूल के प्रधानाचार्य और प्रबंधक से भी बात की।

## गणेश उत्सव कार्यक्रम का भाजपा जिला उपाध्यक्ष व सीओ बुढ़ाना ने किया उद्घाटन



**मुजफ्फरनगर, 9 सितम्बर (बु.)।** कस्बा बुढ़ाना के पारसी अड्डे स्थित मौहल्ले में गणेश चतुर्थी से प्रारम्भ होकर गणेश विसर्जन तक स्थापित किए गए गणेश भगवान का उत्सव मनाया जाएगा। दस दिन चलने वाले इस धार्मिक आयोजन का उद्घाटन भाजपा ज़िला उपाध्यक्ष नितिन मलिक और सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर भाजपा नेता नितिन मलिक ने कहा कि जनपद की खुशहाली के लिए भगवान गणेश से प्रार्थना की, जिन्हें बुद्धि और समृद्धि का देवता माना जाता है। भाजपा नेता ने कहा कि पांडाल में भगवान गणेश की विधिवत् पूजा-अर्चना की और भक्तों के साथ आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान भाजपा मण्डल अध्यक्ष भारत ठाकुर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, आयोजन समिति के अध्यक्ष मनमोहन कश्यप, अंकुर सैनी और अन्य ज़िम्मेदार लोगों की उपस्थिति रही।

## ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल जू. विंग में अभिभावकों के साथ परीक्षा पर चर्चा

**मुजफ्फरनगर, 9 सितम्बर (बुस)।** ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में अभिभावकों के साथ परीक्षा पर चर्चा का आयोजन किया गया। अभिभावकों के साथ परीक्षा पर चर्चा का मुख्य उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। बच्चों का सर्वांगीण विकास में माता-पिता की अहम भूमिका होती है। सही अर्थों में कहा जाए तो माता-पिता ही बच्चों के प्रथम शिक्षक होते हैं। बच्चा विद्यालयी शिक्षा प्राप्त करता है। जब वह थोड़ा समझदार होता है, लेकिन बच्चा जन्म से ही कुछ न कुछ सीखना आरंभ कर देता है और उसको सिखाने का यह कार्य उसके माता-पिता ही करते हैं, इसलिए माता-पिता बच्चों के सबसे अहम एवं प्रथम शिक्षक होते हैं। माता-पिता बच्चों को चलना सिखाते हैं, बोलना सिखाते हैं, खाना खिलाते हैं, कपड़ा पहनना सिखाते हैं तथा जीवन के कई अनेक महत्वपूर्ण कार्य सिखाते हैं। इस तरह बच्चों को इस योग्य बना देते हैं कि वह आगे जाकर विद्यालय शिक्षा प्राप्त कर सके तथा अपने जीवन में कुछ सक्षम एवं योग्य बन सके। जिस प्रकार शिक्षक कक्षा में विद्यार्थियों को उनके स्तर के अनुसार पढ़ाते हैं व समझाते हैं, ताकि बच्चा उसको अच्छी तरह से समझ सके और उनका सर्वांगीण विकास हो सके। शिक्षक छात्रों को समर्पण, करुणा और सहानुभूति जैसे मूल्यों के बारे में सिखाते हैं।
अंत में विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस ममता चौहान ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी समय सारणी के अनुसार कार्य करना चाहिए तभी वह जीवन में सफल हो सकते हैं और घर पर भी उसे पढ़ने का समय देना चाहिए व माता को भी अपने बच्चों के प्रति सजग रहना चाहिए, तभी विद्यार्थी अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकता है। विद्यार्थी अपने घर पर कम से कम 2 घंटे प्रतिदिन एकाग्र मन से अध्ययन करें। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में काउंसलर कंचन, सहायक अध्यापिका प्रीति चौधरी व रूचि रानी का पूर्ण योगदान रहा।

## मेडिटेशन से ही रहेगा शरीर तनावमुक्तः उर्मिला दीदी

**मुजफ्फरनगर, 09 सितम्बर (बु.)।** नवीन मंडी स्थल स्थित दी गुड़ खाण्डसारी एंड ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन सभागार में सोमवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गांधीनगर की ओर से आयोजित सुखी जीवन का आधार, तनाव मुक्त व्यापार का आयोजन किया गया। नवीन मंडी में आयोजित कार्यक्रम में माउंट आबू राजस्थान से आई ब्रह्मा कुमारी उर्मिला दीदी ने उपस्थित व्यापारियों को तनावमुक्त व्यापार कैसे किया जाए, इसे विस्तार से बताते हुए कहा कि व्यापार में व्यापारी का स्वस्थ शरीर भी उतना ही जरूरी है, जितना व्यापार एवं उपस्थित व्यापारियों को मैडिटेशन कराया। उन्होंने स्वस्थ जीवन के लिए कुछ टिप्स भी व्यापारियों को देते हुए उनके माध्यम से स्वस्थ रहने का आह्वान किया। इस दौरान गांधीनगर ब्रह्माकुमारी की बबीता दीदी ने भी व्यापारियों को स्वस्थ रहने के उपाय बताए।
इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय मित्तल, मंत्री हरिशंकर तायल, हरिशंकर मुंदडा, सुरेंद्र बंसल, राजेंद्र सिंघल, अरुण खंडेलवाल, अरविंद गोयल, राजेश गोयल, अभिषेक अग्रवाल, नितिन सिंगल, तुषार गर्ग, अनुज सिंगल, नितिन सिंघल, अमित जैन, अभिनंदन जैन, धर्मेंद्र मुखिया, सतीश कुमार, मनमोहन मुंदडा, संदीप गुप्ता, श्याम सुंदर आदि ने उर्मिला दीदी एवं उनके साथ आए सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया।





## जुए में हारने के बाद पत्नी को दोस्तों को सौंपने की कोशिश

**रामपुर, 9 सितंबर (एजेंसी)।** विनय कुमार सिंह, एसडीएम बिलारी जुए और शराब की बुरी आदत ने एक पति को हैवान बना दिया। उसने पत्नी से दोस्तों के साथ सोने की जिद की। इसका विरोध करने पर आरोपी पति ने पत्नी और तीन बच्चों को घर से निकाल दिया। एसपी के आदेश के बाद मुकदमा दर्ज किया गया है। शाहबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की शादी छह जुलाई 2013 को मुरादाबाद के बिलारी क्षेत्र के गांव निवासी वीरेश से हुई थी। शादी के समय विवाहिता के पिता ने हैसियत से अधिक दान दहेज दिया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही विवाहिता के ससुराल वाले दहेज के लिए परेशान करते रहे। विवाहिता का आरोप है कि उसका पति शराब पीने लगा और जुआ खेलने लगा। बारह बीघा जमीन और जेवरात हार गया। आरोप है कि पति शराब पीकर घर आता और दोस्तों को लाता। पत्नी पर उनसे संबंध बनाने का दबाव बनाता था। 11 अगस्त को विवाहिता के पति ने शराब पीकर जान से मारने की धमकी दी।

## राज्य व मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार के लिए मांगे आवेदन

### 16 अक्टूबर तक करनी होगी हार्ड कापी कार्यालय में जमा



**मुजफ्फरनगर, 09 सितम्बर (बु.)।** जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार श्रीवास ने बताया कि शासन के निर्देश पर सत्र-2024-25 में प्रदेश में शुरू राज्य पुरस्कार एवं मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार की चयन समय सारिणी जारी करते हुए जिले में संचालित राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, वित्तविहीन मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों एवं संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों के समस्त प्रधानाचार्य, प्रधानाचार्या, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं से16 सितम्बर से 15 अक्टूबर तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। शैक्षिक सत्र 2024-25 में राज्य अध्यापक एवं मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार के चयन के लिए ऑनलाइन आवेदन जनपद के माध्यमिक शिक्षक कर सकेंगे। आवेदन करने वाले शिक्षकों को आवेदन पत्र की एक कॉपी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जमा करनी होगी। दोनों पुरस्कारों की घोषणा दिसंबर में होने की संभावना है। इच्छुक शिक्षक एवं शिक्षिकाएं वर्तमान शैक्षिक सत्र में मिलने वाले पुरस्कार के लिए आवेदन ऑनलाइन वेबसाइट पर 16 सितंबर से कर सकते हैं, जनपदीय समिति इन प्राप्त आवेदनों का परीक्षण व स्थलीय सत्यापन कर पात्र अध्यापकों का चयन कर मंडलीय समिति के प्रस्ताव ऑनलाइन प्रेषित करेगी। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार श्रीवास ने बताया कि शासन के निर्देश के क्रम में जनपद में संचालित समस्त राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं संस्कृत विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् से मान्यता प्राप्त स्ववित्तपोषित विद्यालयों के शिक्षकों को मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार हेतु चयन किये जाने के संबंध में वेबसाइट पर ऑनलाईन आवेदन भरने के उपरान्त हार्ड कापी समस्त संलग्नकों सहित 04-04 प्रतियों में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में 16 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना होगा। इसके उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा, जिसका उत्तरदायित्व संबन्धित का ही होगा।



















**विशू तायल के जन्मदिवस पर आयोजित भजन संध्या से जुड़ी तस्वीरें...**

# 'गहरा हो नाता बाबा का जिनसे, हम तेरी राह निहारें, तू नीले चढ़के आजा, भजनों पर झूमे हजारों खाटूश्याम भक्त

**कलकत्ता के रवि बेरीवाल, जयपुर की साक्षी अग्रवाल, शहर की मुस्कान पाल ने विशू तायल के जन्मदिवस पर बिखरे बाबा के रंग**

**मुजफ्फरनगर, 09 सितम्बर (बु.)।** रविवार की रात द्वारकापुरी के सामने स्थित श्रीराम इण्डस्ट्रीज के स्वामी विशू तायल के जन्मदिवस के अवसर पर उनके आवास पर परिवार के साथ बाबा श्याम का गुणगान पूरी रात हुआ। रात्रि 12 बजे बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ पत्नी पूजा दुआ ने विशू तायल के जन्मदिवस का के बाबा के समक्ष काटकर उन्हें आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएं पूरे परिवार विशू तायल के पिता प्रवीण तायल, माता व उनकी पत्नी नीलू तायल भाई वैभव तायल, हर्ष तायल, शशांक तायल, अमित राणा (कादरगढ़) को शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि विशू तायल को तो मेरा आशीर्वाद है ही साथ ही साथ जब भी वह किसी राह से भटकता दिखाई देगा उसके कान पकड़ने का काम भी मैं खुद करूंगा। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया गया इसके बाद नगर की मुस्कान पाल ने उठे तो बोले राम, बैठें तो बोले राम, श्याम तेरी फुल कृपा है भजन पर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मुस्कान पाल के बाद जयपुर से आई शानदार गायिका साक्षी अग्रवाल ने अपने पहले भजन से ही हम तेरी राह निहारें, तू नीले चढ़के आजा, तू है मेरा मैं हूं तेरा, मैंने डाला तेरे दर पे डेरा भजन पर भजन संध्या को भक्तिमय कर डाला और जमकर एक घंटे तक उनके भजनों पर श्रद्धालू झूमते दिखाई दिये। तीसरे क्रम में देश के मशहूर गायक कलकत्ता के निवासी रवि बेरीवाल ने ऐसा रंग जमाया कि हजारों लोगों की भीड़ वहां जमा हो गयी। और जमा भीड़ ने वहां से उठने का प्रयास तक नहीं किया। सबसे पहले भजन गहरा है नाता बाबा का जिनसे, मिलने को शाम आता है उनसे व सांवरे की महफिल को सांवरा सजाता है, किस्मत वालों के घर श्याम आता है एवं तुम न सुनोगे तो कौन सुनेगा आदि भजनों को गाकर पूरी महफिल लूट ली। लोगों ने उनका जमकर अभिवादन तो किया ही साथ ही साथ उनके साथ भक्ति रंग में डूबते हुए नृत्य करने को मजबूर हो गए। रात्रि 2 बजे तक चली इस भजन संध्या में श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के प्रति अपनी अटूट आस्था व्यक्त की।

कार्यक्रम में हजारों गणमान्य लोगों ने बाबा के समक्ष अपनी अर्जी लगाई। अतिथि के रूप में मौजूद रहे व्यापारी नेता संजय मित्तल, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला, पूर्व मंत्री योगराज सिंह, भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत, सुनील ग्रोवर, मूलचंद रिसोर्ट से ममता अग्रवाल के साथ बाबा के दरबार से जुड़े अचिंत सागर सपत्नीक, सुरेंद्र मित्तल,अमन सागर, राघव, श्रेय, राजकुमार, राहुल, विनीत आटे वाले, संदीप गर्ग, नरेंद्र पुरकाजी, पुलकित, गौरव, अर्पित जैन, अंशुल सागर, अभिषेक, सर्वेश, रामकुमार सिरे वाले, महेश, मोहित, गोपाल, गणपति धाम मन्दिर से अमरीश, अनिल, कन्नू, अंकित, गोपाल, शिवम, सुनील ग्रोवर, सचिन शर्मा, शशांक तायल, प्रवीण तायल, हर्षित अग्रवाल, अचिन जिंदल, कपिल बुढ़ाना वाले, वैभव तायल, अरविंद मिर्च वाले आदि मौजूद रहे।

## बुलेटिन लाइव के माध्यम से 50 हजार लोगों ने किये बाबा के दर्शन

**मुजफ्फरनगर, 09 सितम्बर (बु.)।** रविवार की रात द्वारकापुरी के सामने आयोजित विशू तायल के जन्मदिवस की भजन संध्या को बुलेटिन लाइव के माध्यम से 50 हजार लोगों ने देखा जो अपने आपमें एक बड़ा रिकॉर्ड है। बुलेटिन लाइव पर ही 314 लोगों ने बाबा श्याम का नाम भी लिया और विशू तायल को उनके जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त की। आपको बता दें कि मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा उक्त भजन संध्या का सीधा लाइव प्रसारण किया गया था। हजारों लोग तो विशू तायल के निवास पर उक्त भजन संध्या सुनने के लिए पहुंचे मगर भक्ति रस में डूबे 50 हजार लोगों ने घर बैठे बाबा के दर्शन और तीनों भजन गायकों जिनमें कलकत्ता से आए रवि बेरीवाल, जयपुर से आई साक्षी अग्रवाल व नगर की मुस्कान पाल को बड़े शौंक के साथ सुना।

## खाद्य विभाग की टीम ने कई मिठाई विक्रेताओं के नमूने सैम्पल भरे

**मीरापुर, 09 सितम्बर (बु.)।** कस्बे में खाद्य विभाग की टीम ने छापेमारी कर कई मिठाई विक्रेताओं व परचून व्यापारियों के यहाँ से सैम्पल भरकर जांच को भेज दिए। छापे की सूचना पर कस्बें की अधिकांश मिठाई की दुकाने बंद हो गई। खाद्य निरीक्षक वैभव शर्मा ने सोमवार को मीरापुर में प्राथमिक विद्यालय नंबर एक के निकट स्थित नेशनल स्वीट्स, मैन बाजार में स्थित सिद्धि स्वीट्स व प्रभात पेडे. वाले के यहां पहुँचकर मिठाईयों की जांच की तथा जांच के बाद यहां से मिठाई के नमूने ले लिए। मिठाई की दुकानों पर छापे की सूचना बाजार में फैलते ही धड़ाधड़ सभी दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दी। खाद्य निरीक्षक ने बताया कि तीन दुकानों से जांच नमूने लेकर लैब में भेज दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## राहुल गांधी ने अमेरिका में की चीन की तारीफ

**नई दिल्ली, 9 सितंबर (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका की यात्रा के दौरान चीन की तारीफ की और कहा कि दुनिया के उत्पादन में चीन का प्रभुत्व है इसलिए वह बेरोजगारी का सामना नहीं कर रहा है। जबकि भारत और अमेरिका समेत पश्चिमी देश बेरोजगारी की समस्या से जूझ रहे हैं। रविवार को डलास में टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्रों के साथ बातचीत के दौरान, राहुल गांधी ने कहा कि भारत में कौशल की कोई कमी नहीं है। अगर देश उत्पादन के लिए खुद को तैयार करना शुरू कर दे तो वह चीन से मुकाबला कर सकता है। भारत में उत्पादन पर ध्यान केंद्रित किए जाने की जरूरत है। राहुल गांधी अमेरिका की चार दिनों की यात्रा पर हैं। इस दौरान वह डलास, टेक्सास और वाशिंगटन की यात्रा करेंगे और भारतीय मूल के लोगों एवं युवाओं से बातचीत करेंगे। सोमवार से शुरू होने वाली वाशिंगटन की अपनी यात्रा के दौरान उनकी अमेरिका के सांसदों और वहां की सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलने की भी योजना है।

## चैकिंग के दौरान तीन वाहन चोर गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 09 सितम्बर (बु.)।** नई मंडी कोतवाली पुलिस ने भोपा रोड पर चैकिंग के दौरान तीन वाहन चोर गिरफ्तार कर लिये, जिनमें एक बाल अपचारी भी वाहन चोर है। पुलिस की जानकारी के अनुसार पिछले दिनों नई मंडी कोतवाली क्षेत्र से दो बाइक चोरी कर ली गई थी। उक्त मामले में थाने में रिपोर्ट भी दर्ज करा ली गई थी और उसके बाद पुलिस ने चोरी की छानबीन शुरू कर दी थी। सोमवार को भोपा रोड पर उस समय तीन वाहन चोर पकड़ लिये गये, जब पुलिस रूटीन चैकिंग कर रही थी। चैकिंग के दौरान पुलिस ने वाहन चोर सोहिल व भूरा निवासी कूकड़ा को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया, वहीं चैकिंग के दौरान ही थोड़ी देर में ही एक बाल अपचारी को चोरी की बाइक समेत गिरफ्तार कर लिया गया।

शेष - अस्पतालों में बढ़ रहे ....

तो यहां घंटों से लाइन में लगने के बाद भी भीड़ कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। जब भी दवा लेने आते हैं, यही स्थिति रहती है। गंभीर बीमार लोगों की तो हालत बिगड़ जाती है। जिला चिकित्सालय पुरुष के सीएमएस डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि रविवार छुट्टी में बाद सोमवार को जिला चिकित्सालय में पूर्व की भांति नियमित ओपीडी चली है, जिससे मरीजों की भीड़ बढ़ गई। ऐसे में इन मरीजों को उनके नंबर के हिसाब से परामर्श दिया गया। चिकित्सकों ने सभी मरीजों को देखा जिसके बाद उन्हें दवा वितरित की। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में मलेरिया, डेंगू व बुखार आदि के पुख्ता इंतजाम किए हैं। वहीं डेंगू की जांच के साथ प्लेटलेट की कमी होने पर उसकी व्यवस्था की गई है। इसके साथ जिला अस्पताल में मरीजों के लिए अलग से वार्ड जुलाई से बनाया है। जहां अब तक पांच मरीज डेंगू के मिले हैं, जिनका इलाज किया गया है। वहीं जिला मलेरिया अधिकारी अलका सिंह ने बताया कि जिले में डेंगू व संक्रमण बीमारियों की आशंका के बीच घरों के सर्वे का कार्य किया गया है। वहीं इसके प्रति लोगों को जागरुक किया गया है। उन्होंने बताया कि गंगा के किनारे के 14 गांवों में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने लोगों को घर-घर जाकर जागरूक किया, ताकि संक्रमण से बचा जा सकें, वहीं उन्हें डेंगू व लार्वा से बचाव को फांगिंग करते हुए सुरक्षा कवच को मजबूत किया जा रहा है।

## जाम पर एडीजी ने कहा: यातायात व्यवस्था सुधारो

**मुजफ्फरनगर, 9 सितंबर (बु.)।** अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन ने पुलिस लाईन स्थित सभागार कक्ष में कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए आगामी त्यौहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ रखने एवं कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनपद के समस्त पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध गोष्ठी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। नगर में जाम की समस्या से एडीजी भी खिन्न दिखे और उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन मेरठ ध्रुवकान्त ठाकुर ने द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में जनपद के समस्त पुलिस अधिकारियों के साथ आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने, अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था के सुदृढीकरण एवं शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा थानो पर लंबित विवेचनाऐं, विशेषकर एससी एसटी एक्ट, महिला सम्बन्धी अपराध, पोक्सो एक्ट आदि की समीक्षा की गई तथा कार्य योजना बनाकर गुण दोष के आधार पर विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण करने, विशेष रूप से वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कर उनके विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया तथा पोक्सो एक्ट, महिला संबंधी अपराधों में अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने हेतु प्रभावी पैरवी करने के निर्देश भी दिए गए।

## मेरठ और शामली के बीच हादसे में 3 दोस्तों की मौत

**मेरठ, 9 सितंबर (एजेंसी)।** मेरठ और शामली के बीच हुए दर्दनाक हादसे में तीन दोस्तों की मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। शामली से लेकर मेरठ तक परिजनों में गमगीन माहौल है। जितेंद्र और मनोज के परिजन पोस्टमार्टम हाउस में एक किनारे बैठे हुए थे। सिर पर हाथ धरे बैठे परिजनों ने बताया कि हमारा तो जवान बेटा चला गया, इससे बड़ा गम और कोई नहीं हो सकता। वह हमें जिंदगी भर का गम दे गया। छुर गांव के रहने वाले राजकुमार के घर और परिजनों में मातम पसरा हुआ था। रात को हुए हादसे को देखकर लोगों की रूह कांप उठी। आसपास के लोग इतने तेज हादसे को देखकर घबरा गए। जितेंद्र के रिश्तेदार पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद थे। तकनीकी टीम ने भी मौके पर पहुंचकर कार का मौका मुआयना किया। नेशनल हाईवे-58 पर शोभापुर फ्लाईओवर पर सड़क हादसे के बाद भीषण जाम लग गया। इस दौरान पुल के दोनों तरफ करीब दो किमी लंबी वाहनों की कतार लग गई। घटनास्थल हादसे की कहानी बयां कर रहा था। सड़क पर टूटे हुए कांच के टुकड़े पड़े थे। गाड़ी में खून बिखरा पड़ा था। लगभग तीन घंटे तक हाइवे पर जाम की स्थिति बनी रही।

# चरथावल में 5 घण्टे से धरने पर बैठे किसानों ने किया जनपद के लिए पैदल कूच तो मौके पर पहुंचे अधिकारी

**चरथावल, 9 सितम्बर (बु.)।** दो जनपदों के दो गांव में नाला निर्माण को लेकर चल रहे विवाद के समाधान हेतु भारतीय किसान यूनियन के नेता विकास शर्मा के नेतृत्व में ग्रामवासियों ने 5 घंटे तक धरना प्रदर्शन किया। 5 घंटे बीत जाने के बाद किसी भी अधिकारी के धरना स्थल पर न पहुंचने पर किसानों ने अपने झोटा बुग्गी एवं महिलाओं के साथ जिलाधिकारी कार्यालय के लिए पैदल कूच किया। किसानों द्वारा पैदल कूच की सूचना पर एसडीएम सदर निकिता शर्मा, तहसीलदार राधेश्याम गौड़ मौके पर पहुंचे। तथा किसानों को समस्या के समाधान का शोषण देखकर शांत किया। जिलाधिकारी ने बताया कि दोनों जनपदों के अधिकारी 17 तारीख में मौके पर जाकर निस्तारण करेंगे।

चरथावल विकासखंड क्षेत्र के अंतिम गांव व शामली जनपद की सीमा पर स्थित ग्राम टांडा व हसनपुर लुहारी के ग्रामीणों के बीच नाला निर्माण को लेकर विवाद लंबे समय से चला आ रहा है। दोनों गांव के लोगों के बीच पानी की निकासी को लेकर विवाद है। सोमवार को भारतीय किसान यूनियन के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य विकास शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मौके पर समस्या के समाधान की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया धरना-प्रदर्शन पर 5 घंटे बीत जाने के बाद भी किसी भी अधिकारी के द्वारा किसानों की कोई सुध न लेने पर किसानों में आक्रोश फैल गया तथा किसान झोटा-बुग्गी व महिलाओं के साथ जिलाधिकारी कार्यालय के लिए कूच किया। किसानों द्वारा पैदल कोच की सूचना मिलते ही तहसीलदार सुधार राधेश्याम गौड़ मौके पर पहुंचे तथा किसानों को रोकने का प्रयास किया परंतु किसानों ने पैदल कूच जारी रखा। 8 किलोमीटर पैदल मार्च के बाद अधिकारियों ने किसानों को कड़ी मशक्कत के बाद रोक लिया, वहीं ग्राम बिरालसी में ग्रामवासियों ने केले खिलाकर सभी किसानों का स्वागत किया। पैदल मार्च की सूचना पर एसडीएम सदर निकिता शर्मा भी मौके पर पहुंची तथा किसानों से विवाद की जानकारी ली। एसडीएम सदर निकिता शर्मा ने बताया कि किसानों की इस समस्या के समाधान हेतु दोनों जनपदों के अधिकारियों के साथ 17 सितंबर को बैठक रखी गई है जिसमें दोनों जनपद के अधिकारियों एवं ग्रामवासियों के साथ मिलकर समस्या का समाधान कराया जाएगा इसको लेकर दूसरे जनपद के अधिकारियों के साथ की वार्ता हो चुकी है। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष पवन त्यागी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। भारतीय किसान यूनियन के नेता विकास शर्मा ने ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर किसानों के साथ कोई मजाक किया या जो समझौता हुआ है उसे पर अमल नहीं हुआ तो अगला प्रदर्शन राष्ट्रीय नेतृत्व के बताकर मुजफ्फरनगर डीएम ऑफिस पर करने का काम हम लोग करेंगे मौके पर पवन त्यागी ब्लॉक अध्यक्ष चरथावल,संजय प्रधान, वीर सिंह राणा, संदीप कुमार, मुकेश राणा, अंकुश कुमा, आदेश कुमार, शैंकी, निखिल कुमार, सोनू ठाकुर, मोहन ठाकुर, राजेंद्र शर्मा, अंकुर शर्मा, नीतू त्यागी, हरिओम त्यागी, सुरेश कुमार, अमित कुमार, सचिन कुमार, अनिल कुमार ठाकुर आदि सैंकड़ो ग्रामवासी और महिलाएं मौजूद रहे





## हमसफर रिजॉर्ट मामले में आजम की पत्नी डॉ. तजीन फात्मा बरी

**रामपुर , 9 सितंबर (एजेंसी)।** हमसफर रिजॉर्ट में बिजली चोरी के मामले में सपा नेता आजम खां की पत्नी डॉ. तजीन फात्मा को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने बिजली चोरी की एवज में जमा कराए गए 32 लाख रुपये के शमन शुल्क के आधार पर उनको बरी कर दिया। सपा नेता आजम खां की पत्नी और डॉ. तजीन फात्मा के खिलाफ शहर कोतवाली में पांच सितंबर 2019 में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। आरोप था कि डॉ. तजीन फात्मा के हमसफर रिजॉर्ट में चोरी से बिजली का उपयोग होते हुए पाया गया था। इस मामले में उस वक्त डूंगरपुर बिजलीघर के जेई राहुल रंजन ने यह रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने इस मामले में विवेचना के बाद कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। इसके बाद इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है। मामले में पांच सितंबर को डॉ. तजीन फात्मा ने अपने अधिवक्ता नासिर सुल्तान के माध्यम से एक अर्जी दाखिल की थी, जिसमें कहा था कि उनके द्वारा 32 लाख का शमन शुल्क जमा किया गया था। इसी आधार पर केस को खत्म किया जाए, जिस पर बिजली विभाग की ओर से आपत्ति दाखिल की गई थी। तजीन फात्मा के अधिवक्ता नासिर सुल्तान ने बताया कि कोर्ट में विद्युत अधिनियम की धारा 152 (2) के तहत प्रार्थना दिया गया था, जिस पर सुनवाई के बाद इसे मंजूर कर लिया गया। अब डा. तंजीन फात्मा को कोर्ट ने बरी कर दिया है। सुनवाई के दौरान डा. तजीन फात्मा कोर्ट में भी पेश हुईं।


पर्युषण महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

**तीसरा धर्म- उत्तम आर्जव**

पर्युषण पर्व का तीसरा धर्म उत्तम आर्जव है। बिना छल-कपट किये ईमानदारी, सरलता, और निष्कपटता से जीना ही आर्जव धर्म हैं।

''मुँह में राम, बगल में छुरी,
वाह से मायाचारी''

इसका तात्पर्य यह है की अपनी सुन्दर आकृति बना लेना, लोगो में विश्वास पैदा कर लेना और मौका मिलते ही घात कर बैठना। जैसे बगुला एक टाँग पर तपस्या करता हैं जिससे मछली उसको साधक मान कर उसके पास आकर विचरण करती हैं और बगुला उसपर घात करता हैं। यह लक्षण एक अधार्मिक व्यक्ति का हैं जिससे उसकी भव्य आत्मा का विनाश होता हैं और मन हमेशा किसी न किसी मायाचारी में तल्लीन रहता हैं। इसके विपरीत अगर हम अपने चित में एकाग्रता (ध्यान) लाएं तो मन शांत रहेगा और व्यव्हार से मायाचारी ख़तम हो जाएगी।

आर्जव धर्म की सही पालना करने के लिए हमें वर्तमान में जीकर अपने विचारों को नियंत्रण करना होगा। जब विचारों की गति कम होती हैं तो व्यक्ति सकारात्मक होने लगता हैं और एक सकारात्मक व्यक्ति मायाचारी छल-कपट नहीं कर सकता। जब विचारो की श्रंखला टूटती हैं तो उसके साथ नकारात्मक भाव भी टूटने लगता हैं और आदमी का आत्मबल मजबूत होता हैं और डर निकल जाता है।



जय जिनेन्द्र!

डॉ. प्रदीप जैन लेखक चेयरमैन
Sanmati Institute Of Learning


# बाइक सवार मनचलों ने युवती के साथ की छेड़छाड़

**मोरना, 9 सितम्बर (बु.)।** क्षेत्र में बाइक सवार मनचलों की हरकतें लगातार जारी है। मनचले खुलेआम बाइकों के साइलेंसर से सड़कों पर धमाके कर शान्ति भंग किये हुए हैं। वहीं राह चलती युवतियों के साथ भी छेड़छाड़ आम बात हो गई है। बाइक सवार युवकों द्वारा सरेआम युवती के साथ छेड़छाड़ की घटना के सप्ताह बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करना चर्चा का विषय बना हुआ है।

**''कार्रवाई के नाम पर पुलिस कर रही खानापूर्ति''**

भोपा के निकटवर्ती गांव निवासी व्यक्ति ने जानकारी देते हुए बताया कि करीब एक सप्ताह पूर्व गांव निवासी युवती शाम के समय घेर में किसी कार्य से गई थी। तभी दूसरे गांव से आने वाले मार्ग से दो बाइकों पर सवार चार युवक आये और युवती को देखकर अश्लील फब्तियां कसने लगे युवती ने विरोध किया, तो आरोपी बाइकों को रोककर गाली गलौंच करने लगे। सरेआम छेड़छाड़ के दुस्साहस को देखकर पास ही चारपाई पर बैठे व्यक्ति ने युवकों का विरोध किया, तो आरोपी व्यक्ति के साथ भी गाली गलौंच कर फरार हो गये। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर कार्रवाई की मांग की, किन्तु सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं मोरना व भोपा में धमाकेबाज बाइक सवारों का आतंक जारी है। ग्रामीणों के अनुसार कॉलेज की छुट्टी के समय बाइक सवार युवक बाइकों से धमाके करते घूम रहे हैं।



# छपार टोल पर कार्यकर्ता के साथ मारपीट पर भाकियू का हंगामा

**▶ पुलिस ने टोल कर्मियों के खिलाफ हंगामे के बाद दर्ज किया जानलेवा हमले का केस ▶ छपार टोल पर गुंडागर्दी के आलम से अफसर बने अंजान**

**छपार, 9 सितम्बर (बु.)।** भाकियू नेता से टोल मांगने एवं विरोध करने पर कार्यकर्ता के साथ टोल कर्मियों द्वारा मारपीट की घटना के बाद भाकियू के लोगों ने टोल पर पहुंच कई घंटे हंगामा कर टोल फ्री कराया। घंटों बाद छपार पुलिस मौके पर पहुंची। किसानों ने टोलकर्मियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग रखी। छपार पुलिस ने कई टोलकर्मियों के खिलाफ तहरीर पर जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज किया है। छपार थाना क्षेत्र के बसेड़ा गांव निवासी भाकियू कार्यकर्ता शाहरूख अली अपने साथी समीर के साथ सुबह सवा पांच बजे के लगभग अपनी कार से किसी कार्यवश मुजफ्फरनगर जा रहा था। छपार टोल प्लाजा पर कार्यरत कर्मियों ने उसकी गाड़ी रोककर उससे टोल के पैसे मांगे। अपने को किसान व क्षेत्र का निवासी बताने पर आरोप है कि टोलकर्मियों ने उसके साथ गाली गलौच व दुर्व्यवहार कर जान से मारने की नियत से हमला किया। बचाव को आए साथी के साथ भी मारपीट की गई। सुबह सवेरे भाकियू कार्यकर्ता के साथ टोल पर हुई उक्त घटना की जानकारी मिलने पर ब्लॉक भाकियू के अध्यक्ष मोनू प्रधान के साथ ही सैंकड़ों कार्यकर्ता टोल पर पहुंचे तथा टोल फ्री कराकर टोल पर धरना देकर बैठ गए। काफी देर बाद छपार थाना प्रभारी निरीक्षक पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने उनसे टोल पर गुंडागर्दी होने की शिकायत कर कार्यकर्ता के साथ मारपीट के मामले में जानलेवा हमले की धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग रखी। कई घंटें तक टोल फ्री रहा। किसान शाहरूख ने टोलकर्मी प्रवीण पुत्र कुलदीप निवासी चर्खीदादरी हरियाणा, हिमांशु, अनूप, बिजेन्द्र, योगेन्द्र, वेदपाल के खिलाफ नामजद तहरीर दी गई। पुलिस ने नामजद किए गए टोलकर्मियों के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज किया गया, जिसके बाद किसान वापिस लौटे। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष मोनू प्रधान, विवेक प्रधान, मास्टर ओमपाल, मंगता हसन, मोबिन, दीपक गुर्जर, अमजद अली, मुशर्रफ त्यागी, शमशाद, रूचिन त्यागी, अफसर अली, शहजाद त्यागी, मुकीम, फरमान आदि कार्यकर्ता रहे। बताते चले कि छपार टोल पर कर्मियों की गुंडागर्दी के मामले पहले भी सामने आ चुके हैं। कई बार टोलकर्मियों द्वारा यात्रियों के साथ मारपीट के प्रकरणों में छपार थाना पुलिस को मुकदमा दर्ज करना पड़ा, लेकिन टोल कर्मी बाज नही आ रहे हैं। बताया गया कि टोल पर लोकल टोल कर्मियों का जमावड़ा बना है। टोल मैनेजर भी लोकल कर्मियों के रवैये की जानकारी के बावजूद संरक्षण दिए है।

